श्री कृष्ण जन्माष्टमी
रांची
19 अगस्त, 2022
www.epaper.azadsipahi.com
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 299, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079
पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

झारखण्ड सरकार

# सिरमटोली चौक - राजेन्द्र चौक - मेकॉन गोलचक्कर तक
## चार लेन फ्लाईओवर/एलिवेटेड सड़क (कुल लम्बाई- 2.34 KM) के निर्माण कार्य एवं अन्य योजनाओं का

# शिलान्यास समारोह



**कुल ₹666.13 करोड़ राशि के निर्माण कार्य का शिलान्यास**

**मुख्य अतिथि**

माननीय मुख्यमंत्री
## श्री हेमन्त सोरेन
के कर कमलों द्वारा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, रांची लोक सभा

**श्रीमती आशा लकड़ा**
माननीया महापौर, रांची नगर निगम

**श्री सीपी सिंह**
माननीय विधायक, रांची विधानसभा

**श्री नवीन जायसवाल**
माननीय विधायक, हटिया विधानसभा

**श्री समरी लाल**
माननीय विधायक, कांके विधानसभा

**श्री राजेश कच्छप**
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा

**इन योजनाओं का भी शिलान्यास**

- नेवरी विकास विद्यालय (रांची रिंग रोड पर)- बूटी मोड़, कोकर चौक - कांटाटोली नामकुम आरओबी तक (कुल लम्बाई 15. 214 KM) पथ के चार लेन का निर्माण कार्य
- अरगोड़ा चौक - कटहल मोड़ पथ (MDR-018 ) ( कुल लम्बाई 5.30 KM) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण / पुनर्निर्माण कार्य

**दिनांक**- 19 अगस्त, 2022 | **समय**- अपराह्न 1 बजे

**स्थान**- सरना स्थल मैदान, सिरमटोली, रांची



P.R. 275928 (Road) 22-23

पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

रांची
19 अगस्त, 2022

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 299, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत 2079

पृष्ठ : 20, मूल्य : ₹3.00

SURJABASHA




### तीन साल पहले एक कैदी को मार डाला था

# जमशेदपुर सेंट्रल जेल में मर्डर मामले में 15 को फांसी की सजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के जमशेदपुर के परसुडीह स्थित घाघीडीह सेंट्रल जेल में हत्या के एक मामले में कोर्ट ने 15 आरोपियों को फांसी की सजा सुनायी है। सात अन्य आरोपियों को दस साल की सजा सुनायी गयी है। मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे-4 राजेंद्र सिन्हा ने गुरुवार को यह सजा सुनायी है। मामला मनोज सिंह की जेल में हुई हत्या से जुड़ा हुआ है। मामला तीन साल पुराना है। विवाद जेल में लगे टेलीफोन बूथ से कॉल करने को लेकर हुआ था।

**सात को 10 साल की सजा सुनायी गयी**



गैंगस्टर अखिलेश सिंह के गिरोह के सदस्य हरीश सिंह के साथ दूसरे गैंग के पंकज दुबे के बीच विवाद शुरू हुआ था। अखिलेश सिंह के साथी सुमित सिंह, मनोज कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने पंकज दुबे की पिटाई कर दी। इसी दौरान मनोज सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी।

### इन्हें सुनायी गयी सजा

जिन 15 दोषियों को फांसी की सजा सुनायी गयी है उसमें श्यामू जोजो, पंचानन पात्रो, पिंकू पूर्ती, अजय मल्लाह, अरूप कुमार बोस, रामराय सुरिन, रमाय करुआ, गंगाधर खंडैत, रमेश्वर अंगारिया, गोपाल तिरिया, शरत गोप, वासुदेव महतो, जानी अंसारा, शिव शंकर पासवान और संजय दिग्गी शामिल हैं। वहीं जिन सात लोगों को 10 साल की सजा सुनायी गयी है उनमें शोएब अख्तर, मो तौकीर, अजीत दास, सोनु लाल, सुमित सिंह, ऋषि लोहार और सौरभ सिंह शामिल हैं।

बता दें, मनोज सिंह दहेज प्रताड़ना मामले में 10 वर्ष की सजा में जेल गये थे। जेल के अंदर वर्चस्व कायम करने को लेकर 25 जून 2019 को उनकी पिटाई कर हत्या कर दी गयी थी। मामले में सुमित सिंह नामक विचाराधीन कैदी की भी बुरी तरह पिटाई की गयी थी। बाद में मनोज सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी।

### नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को अवधि विस्तार नहीं देने पर प्रतिनिधिमंडल ने जताया आभार

# हम कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं: हेमंत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आदिवासियों एवं मूलवासियों के हक और अधिकार के लिए सरकार सदैव उनके साथ है। हम कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं। आज गांव-गांव तक यह संदेश जा रहा है कि उनके हित के लिए सरकार उनके साथ खड़ी है। हमारा लगातार प्रयास है कि राज्य की जनजाति, मूलनिवासी के उत्थान के लिए कार्य करें।

सीएम गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज विरोधी केंद्रीय जनसंघर्ष समिति, लातेहार-गुमला के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का अवधि विस्तार नहीं करने के मुख्यमंत्री के निर्णय पर आभार व्यक्त किया। साथ ही पगड़ी पहनाकर एवं शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28-30 साल से चल रहे इस आंदोलन में आज मूल निवासियों के हित में सरकार ने फैसला लिया है। फायरिंग रेंज में आने वाले 1471 वर्ग किलोमीटर भूमि पर अब वहां के गरीबों का अधिकार हो, इससे संबंधित प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएनटी, एसपीटी एक्ट के कारण हो रही परेशानियों के लिए भी सरकार उचित कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि हम आदिवासियों और मूलनिवासियों की संपत्ति और उनके अधिकारों को संरक्षित करने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, लोकसभा सांसद विजय हांसदा, सिसई विधायक जिग्गा सुसारण होरो मौजूद थे।

- **मुख्यमंत्री से मिला पायलट प्रोजेक्ट नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज विरोधी केंद्रीय जनसंघर्ष समिति, लातेहार-गुमला का प्रतिनिधिमंडल**

## सीएम हेमंत सोरेन आज एक पुल और दो सड़क परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को राजधानी में निर्माण के लिए एक पुल और दो सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है और मुख्यमंत्री राजधानी के लोगों को परियोजना के रूप में तोहफा देंगे। सड़क-पुल की इन योजनाओं की कुल लागत 666.13 करोड़ रुपये आयेगी। पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत बनने वाली इन परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम सिरमटोली स्थित सरना स्थल मैदान में एक बजे होगा। मुख्यमंत्री इसी स्थान पर ऑनलाइन तीनों परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। सिरमटोली-राजेंद्र नगर होते हुए मेकॉन गोलचक्कर तक फ्लाईओवर का निर्माण, दूसरा बूटी मोड़ से कांटाटोली-नामकुम ब्रिज तक फोरलेन सड़क बनेगी। इसमें पांच ब्रिज भी होगा।

# चुनाव आयोग में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के खनन लीज के मामले में निर्वाचन आयोग में सुनवाई पूरी हो चुकी है। आयोग में सीएम हेमंत सोरेन और भाजपा की ओर से वकीलों ने अपनी दलीलें पेश कर दी है। बहस की कॉपी बाकायदा लिखित रूप से निर्वाचन आयोग को सौंप दी गयी है। अब निर्वाचन आयोग मामले पर विचार कर किसी भी दिन अपना फैसला सुना सकता है। इससे पहले निर्वाचन आयोग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के को चुनौती देनेवाली याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई की थी। निर्वाचन आयोग की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन के अधिवक्ता से लिखित सबमिशन मांगा गया था। वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा ने निर्वाचन आयोग के समक्ष दो घंटे तक अपने मुवक्किल और सीएम हेमंत सोरेन की तरफ से बहस की थी।

उन्होंने कहा था कि हेमंत सोरेन के नाम से रांची के अनगड़ा में आवंटित स्टोन माइंस का मामला लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 के 9 ए के दायरे में नहीं आता है। इस पर शिकायतकर्ता पार्टी भाजपा की तरफ से पुष्ट दलीलें दी गयीं। भाजपा की तरफ से बहस में शामिल हुए अधिवक्ता ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 9 ए के तहत सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने का पर्याप्त आधार है। सुनवाई के दौरान यह कहा गया था कि झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम से आवंटित खनन पट्टे की ही तरह कई अवैध खनन पट्टे राज्य में लोगों को दिये गये हैं।

**किसी भी दिन आ सकता है फैसला**

### भाजपा ने लगाया था आरोप

बता दें कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने नाम से खनन लीज लिया है। संबंधित विभाग का मंत्री होते हुए ऐसा करना जनप्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन है। उन्होंने राज्यपाल रमेश बैस और चुनाव आयोग से हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। इसी मामले को लेकर शिव शंकर शर्मा ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका भी दाखिल कर रखी है। चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद चुनाव आयोग ने हेमंत सोरेन को नोटिस जारी कर जवाब देने को कहा था। इसी बीच भाजपा भी चुनाव आयोग में पहुंच गयी थी। चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों की सुनवाई की। बहस दोनों पक्षों की पूरी हो चुकी है।

## अधिवक्ता राजीव कुमार को इडी ने 8 दिन के रिमांड पर लिया

**रांची।** 50 लाख रुपये लेने के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार किये गये झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। इसमें इडी ने 14 दिन का रिमांड मांगा था। हालांकि इडी को 8 दिन का रिमांड मिला है। अब इडी कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद 20 अगस्त को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई को झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता में एक मॉल से गिरफ्तार किया था। 11 अगस्त को मामले में इडी ने मनी लॉड्रिंग के आरोप में राजीव पर गुरुवार को केस दर्ज किया था। इसमें शिव शंकर शर्मा को भी आरोपी बनाया गया। इडी ने मनी लाउंड्रिंग के साथ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 7ए (अपने व्यक्तिगत प्रभाव का प्रयोग करके किसी अन्य व्यक्ति से अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई अनुचित लाभ स्वीकार करना) भादवि की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) और 384 (जबरदस्ती वसूली) केस दर्ज किया है।

## भाजपा में शामिल होंगे आरसीपी सिंह

**पटना।** पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने एलान किया है कि वह भाजपा में शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कुर्सी के लिए किसी के भी साथ जा सकते हैं। आरसीपी सिंह ने कहा कि वह (नीतीश कुमार) सातजन्म में भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हैं। दो दिन पहले ही नालंदा में आरसीपी सिंह को भाजपा में शामिल होने का न्योता मिला था। उस वक्त उन्होंने जवाब दिया था कि वह सही समय पर सही निर्णय लेंगे। गौरतलब है कि पिछले दिनों आरसीपी सिंह पर जब भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के आरोप लगे तो जदयू ने उनको कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इसके बाद आरसीपी सिंह ने बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया।




# शहनवाज पर दर्ज होगा रेप का केस

**दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा, पुलिस का रवैया ढीला था, एफआइआर दर्ज कर 3 महीने में जांच पूरी करें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाइकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता शहनवाज हुसैन के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने का आदेश दिया है। ये आदेश 2018 में भाजपा नेता पर लगे रेप के आरोपों को लेकर दिया गया है। कोर्ट ने पुलिस से कहा कि पुलिस 3 महीने में जांच पूरी कर रिपोर्ट निचली अदालत को सौंपे। जस्टिस



आशा मेनन ने सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस को फटकार भी लगायी थी। कोर्ट ने कहा कि उनका रवैया ढीला रहा है। **शहनवाज ने कोर्ट से की अपील:** इस बीच, शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपील में शहनवाज ने कहा कि इस मामले की जल्द सुनवाई हो, लेकिन अदालत ने इससे इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट अगले हफ्ते इस मामले पर विचार कर सकती है। **पीड़िता का आरोप- फार्म हाउस पर किया था रेप:** दिल्ली की रहने वाली पीड़िता ने जनवरी 2018 में निचली अदालत में याचिका दायर की थी। इसमें शाहनवाज के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराने की अपील की गयी थी। महिला का आरोप था कि उन्होंने छतरपुर फार्म हाउस में उसके साथ रेप किया और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत दिल्ली पुलिस को एफआइआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की थी। मेट्रोपॉलिटिन मजिस्ट्रेट ने 12 जुलाई 2018 को शाहनवाज के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के आदेश दिये थे। इसके खिलाफ उन्होंने रिवीजन पिटीशन लगायी थी। इसे खारिज कर दिया गया। अब शाहनवाज दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे थे, लेकिन यहां भी उन्हें राहत नहीं मिली। हुसैन के खिलाफ जून 2018 में क्ढउ की धारा 376, 328, 120इ और 506 के तहत शिकायत दर्ज की गयी थी।

# प्राचीन मदन मोहन मंदिर में आज मनाया जायेगा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक भजन संध्या और जागरण का आयोजन किया जायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जन्माष्टमी हर साल बड़ी धूमधाम से मनायी जाती है। इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 19 अगस्त को उच्च राशि के चंद्रमा में मनायी जायेगी। शहर का बोड़ेया स्थित मदन मोहन मंदिर सज धज कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव के लिए तैयार है। आज जन्माष्टमी के दिन यहां अनको कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस प्राचीन मंदिर के निर्माण काल से ही यहां जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं।



भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार को इस्कॉन द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में छोटे बच्चों के द्वारा विषेश नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। जिसके बाद रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक भजन संध्या और जागरण का आयोजन किया जायेगा। पूरे दिन में पांच बार भगवान की आरती उतारी जायेगी। इस दौराना देर शाम तक भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। हर वर्ष की भांति भगवान के जन्म के बाद सोहर गाया जायेगा और नये वस्त्रों के साथ प्रभु का श्रृंगार किया जायेगा। आज के दिन भगवान को विषेश रुप से पंजरी का भेग लगाया जायेगा और भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया जायेगा। बता दें कि इस मंदिर की स्थापना स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण तिवारी के द्वारा 357 वर्ष पूर्व सन् 1665 में कराया गया था। इस मंदिर का संचालन मदन मोहन मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा किया जाता है। इसके मुख्य आधिकारी चंद्रभूषण तिवारी,अध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव एवं कोषाध्यक्ष गोपाल नारायण तिवारी हैं। वही कार्यकारिणि समिति में गोविंद तिवारी, अभय तिवारी, मुरारी तिवारी, प्रेम तिवारी और राकेश तिवारी शामिल हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी बालमुकुंद पांडे है और इनके सयोगी के रुप में मुरारी और प्रमोहित पांडेय हैं।

## पूजा सिंघल ने हाइकोर्ट में जमानत की अर्जी दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल ने झारखंड हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। याचिका पूजा सिंघल के वकील की तरफ से दाखिल की गयी है। पूजा सिंघल को इडी ने 11 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह जेल में हैं। इससे पहले इडी कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। अब पूजा सिंघल ने वकील के जरिए हाइकोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं की है।

## दही हांडी विजेता पुरुष गोविंदा को 71 हजार और महिला गोविंदा को मिलेंगे 51000 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति के तत्वावधान में दिनांक 19-20 अगस्त को कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। महोत्सव का आयोजन सर्जना चौक पर होगा। समिति के संरक्षक सांसद सेठ ने बताया कि इस वर्ष दही हांडी प्रतियोगिता में विजेता पुरुष गोविंदा को 71000 रुपये और महिला गोविंदा को 51000 रुपये की राशि दी जायेगी। पुरुष गोविंदा के लिए दही-हांडी की ऊंचाई 25 फीट और महिला गोविंदा के लिए 20 फीट रखी गयी है। जो कम समय में दही-हांडी



फोड़ेगा, उसे विजेता घोषित किया जायेगा। स्टॉपवॉच के तय समय से विजेता घोषित किये जायेंगे। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 19 अगस्त को शाम पांच बजे से बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें श्रीकृष्ण के बाल रूप की झांकी की प्रस्तुति होगी। इस प्रतियोगिता में 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चे बच्चियां भाग ले सकेंगे। बाल गोपाल प्रतियोगिता पूनम आनंद की देखरेख में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले बच्चों के बीच प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार और तृतीय पुरस्कार सहित सभी भाग लेनेवाले बच्चों को पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं, शाम में 7 बजे भव्य और आकर्षक झांकी का भी उद्घाटन किया जायेगा। झांकी का निर्माण कोलकाता से आये कलाकारों द्वारा आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है, जो आकर्षण का केंद्र होगा। पूरे सर्जना चौक में भव्य विद्युत सज्जा की जा रही है।

## कैंब्रियन स्कूल में मनायी गयी जन्माष्टमी

**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में गुरुवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। इस अवसर पर बच्चों ने भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र पर आधारित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। नर्सरी से कक्षा तीन तक के बच्चों ने राधा ढूंढ़ रही शीर्षक गीत पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र अनुभव कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। कक्षा तीन की छात्रा आद्रिका बनर्जी ने जन्माष्टमी पर एक मनभावन कविता प्रस्तुत की। बच्चों में गीता के चतुर्थ अध्याय का सस्वर पाठ किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं और विरासत को जानने तथा समझने का भी एक अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि भगवान



श्रीकृष्ण कर्मयोग के प्रेरक हैं, वर्तमान पीढ़ी को उनके कर्मयोग को आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज और संचालन छात्रा अर्चना भेंगरा ने किया।

















































# आयेंगे देवकी के लल्ला, नाचेगा शहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दो साल बाद भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उल्लास फिर परवान चढ़ने लगा है। 19 अगस्त को जन्माष्टमी है, लेकिन इसका उमंग चारों तरफ फैल चुका है। बाजार में कान्हा के बाल रूप से जुड़ी सामग्री सबको आकर्षित कर रही है। दही हांडी प्रतियोगिता की पूरी तैयारी हो चुकी है। गोविंदाओं में उल्लास है। बाल गोपाल और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। इसकी शुरुआत बुधवार को मोरहाबादी मैदान से भी हो चुकी है।



## जन्माष्टमी आज, रात 1:06 बजे तक मिल रही अष्टमी

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। शुक्रवार रात 1:06 बजे तक अष्टमी तिथि मिल रही है। आज तड़के 4.58 बजे तक कृतिका नक्षत्र है। साथ ही ध्रुव योग रात 1:07 बजे तक रहेगा। आज ही नंदोत्सव भी मनाया जायेगा। 18 अगस्त की रात 12:15 बजे अष्टमी लग रही है। 19 अगस्त को विशुद्ध रूप से अष्टमी मिल रही है। इस कारण शुक्रवार को ही जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जायेगा, क्योंकि भगवान के जन्म के समय अष्टमी तिथि, निशिथ काल का महत्व है। कृतिका नक्षत्र और ध्रुव योग भी मिल रहा है, जिसे शुभ माना जा रहा है। मोरहाबादी मैदान आकर्षक लाइटिंग से चमक उठा है। श्रीकृष्ण का झूलन सजाया गया। सभी कार्यक्रमों का प्रसारण एलइडी स्क्रीन पर किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि दो वर्षों से कोरोना के कारण श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन नहीं हो रहा था। इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है।

## इनका रहा सहयोग

अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, संयोजक डॉ राजेश गुप्ता, कुमार राजा, राहुल किटटू सिंह, रोहित सिंह संजय सोनी, मनोज गुप्ता, बिनोद गोप, लल्लू सिंह, नरेंद्र सिंह, राजकिशोर सिंह, दीपक ओझा, रोहित सिन्हा, वेद प्रकाश तिवारी, नितिन सिरमौर, राजीव चौधरी, राहुल वर्मा, राजेश अयान, दीपक गुप्ता, रमेश गुप्ता आदि।

**हाइकोर्ट में कोर्ट फीस वृद्धि मामले में अब 23 को सुनवाई :** रांची। झारखंड स्टेट बार काउंसिल द्वारा राज्य सरकार के कोर्ट फीस अमेंडमेंट एक्ट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर अब 23 अगस्त को सुनवाई होगी। मामले में अब तक राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं किया गया। सरकार की ओर से हाइकोर्ट से समय की मांग की गयी। हाइकोर्ट को बताया गया कि महाधिवक्ता राजीव रंजन फिलहाल अभी रांची से बाहर हैं। इसके बाद कोर्ट ने मामले में हाइकोर्ट के वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह को एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। वह इस मामले में कोर्ट की सहायता करेंगे। झारखंड स्टेट बार काउंसिल की ओर से दायर याचिका में कोर्ट फीस वृद्धि को हटाने की गुहार लगायी गयी है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इंडिया लि. की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. ELS_401_SC_22-23_03 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान :** विद्युत लोको शेड, गोमो मे दो साल के लिए विविध सफाई, रख रखाव तथा औद्योगिक कचरी का निष्कासन। **स्थान:** विद्युत लोको शेड, गोमो। **2. कार्य का अनुमानित लागत :** 1,01,09,457.07 रू (एक करोड़ एक लाख नौ हजार चार सौ सत्तावन रूपये तथा सात पैसे मात्र), **3. अग्रधन राशि :** 2,00,600 रू (दो लाख छह सौ रूपये मात्र), **4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय :** 23/08/2022 से 06/09/2022 को 12:00 बजे निविदा बंद होने तक। **5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है :** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट **www.ireps.gov.in** निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) **केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते है।** इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति :** विद्युत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

**वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., गोमो**
**पीआर/0862/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/22–23/36**
































































# महंगाई के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने लगायी चौपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से गुरुवार को रांची में बड़े ही अनोखे अंदाज में चौपाल लगाकर महंगाई पर चर्चा की गयी। रांची के सेक्टर-2 बाजार में वित्त तथा खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की मौजूदगी में चौकी बिछाकर चौपाल लगायी गयी और महंगाई पर चर्चा की गयी। चाय की चुस्कियों के साथ आयोजित महंगाई




चौपाल में संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल किशोरनाथ शाहदेव के नेतृत्व में कांग्रेस नेत्री विनीता नाय, संजीत यादव, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन, रणजीत महतो, लालजी प्रसाद, किरण देवी, राजेश यादव, जितेंद्र यादव मनीष कुमार,संजय सिंह, कैशर इकबाल खान समेत अन्य नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बेरोजगारी और महंगाई से आज आमजन त्रस्त है। एक ओर जहां केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से करोड़ों लोगों का रोजगार छीन गया है, वहीं दूसरी ओर महंगाई ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। बता दें कि प्रदेश कांग्रेस 17 से 23 अगस्त तक प्रदेश के सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में महंगाई के विरोध में आंदोलन चला रही है।

## विद्या विकास पब्लिक स्कूल में मना कृष्ण जन्मोत्सव



रांची (आजाद सिपाही)। विद्या विकास पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, साथ ही जन्माष्टमी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा बन कर नृत्य प्रस्तुत किया। भक्ति गीतों से वातावरण कृष्णमय बन गया। इस मौके पर बड़े बच्चों ने भी नृत्य और गायन की प्रस्तुति दी। प्री नर्सरी के बच्चों में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें सभी बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप धारण कर कृष्ण के बालरूप का स्मरण कराया। बच्चों को देख कर ऐसा लग रहा था जैसे श्रीकृष्ण स्वयं अवतरित हुए हैं। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण के दिये उपदेश को स्मरण कराते हुए बच्चों को अपने कर्तव्यों को निष्काम भाव से करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## लिटिल विंग्स स्कूल में मनी जन्माष्टमी



रांची (आजाद सिपाही)। बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में जन्माष्टमी का त्योहार काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के बच्चे राधा, कृष्ण, सुदामा, वसुदेव, मीराबाई, श्री विष्णु और लक्ष्मी के गेट-अप में तैयार हुए। बच्चों ने झाकियां प्रस्तुत की। सभी बच्चों ने दही-हांडी में भी भाग लिया। विद्यालय निदेशक रमेंद्र कुमार और प्राचार्या नीता सिंह ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं।

## रांची विवि में सीवीएस कोर कमिटी की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय रांची में सीवीएस कोर कमिटी की बैठक कुलपति प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई विषयों पर निर्णय लिये गये। पूर्व निर्धारित वोकेशनल कोर्सेस से संबंधित साक्षात्कार को समीक्षा उपरांत 6 सितंबर 2022 को आयोजित करना प्रस्तावित किया गया। इस साक्षात्कार में निदेशक लीगल स्टडीज, निदेशक आइएम एस, लीगल स्टडीज में अनुबंध पर प्राध्यापक, समन्वयक प्लेसमेंट सेल तथा निदेशक स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के पद शामिल हैं। कोर्सेस के बजट की समीक्षा की गयी और उन्हें सैद्धांतिक रूप से अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये सहमति दी गयी। इनमें लीगल स्टडीज, परफोर्मिंग आर्ट, आरएलएसवाइ कालेज, आइएमएस, एमसीए, स्कूल आफ योगा, एमएससी बायो टेक्नोलॉजी, पीपीके कालेज बुंडू, केसीबी कालेज बेड़ो, मारवाड़ी कालेज, इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन विभाग के बजट शामिल थे। वोकेशनल कोर्स के अंतर्गत पर्चेज सेल कमिटी के लिए यूनिवर्सिटी रिप्रेंजेटेटिव नामित करने के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया। इस बैठक में एफए देवाशीष गोस्वामी, कुल सचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष झा, वित्त पदाधिकारी डॉ. कुमार ए एन शाहदेव, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, कोऑर्डिनेटर वित्त डॉ वीके देवघड़िया उपस्थित थे।

## शिव सरस्वती क्लीनिक में मना स्वतंत्रता दिवस




रांची। रातू प्रखंड के पिरा रातू में स्थित शिव सरस्वती क्लीनिक में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने कहा कि आज वीर वीरांगना एवं योद्धाओं का याद करने का दिन है। पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा शिव सरस्वती क्लीनिक के संचालन कर्ता ब्रजेश शर्मा ने पूरे क्रोना काल में कर्मवीर की भूमिका निभाई है। इनका सेवा एवं समर्पण का तहे दिल से सेल्यूट देता हूं। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने शिव सरस्वती क्लीनिक एवं विभाडायग्नोस्टिक सेंटर के डायरेक्टर डॉ राकेश कुमार विद्रोही एवं ब्रजेश शर्मा दोनों ने समाज के लिए बहुत ही अच्छा काम किया है तहे दिल से दोनों को धन्यवाद देती हूं। विशिष्ट अतिथि एवं भाजपा नेत्री सीमा शर्मा ने कहा कि आजादी में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। कार्यक्रम में प्रभा तिर्की, सुषमा तिर्की, सुखदेव राम, कमरूल हक, मिथिलेश दुबे, अशोक दुबे, गौतम दुबे, आसिफ अंसारी, महफूज अंसारी, मुनेश कुमार, विनय राय, अनुराग दुबे, कौशल दुबे, मनोज तिवारी, राज किशोर, प्रकाश चंद्र सिन्हा, संजय पटेल, विनोद प्रसाद एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अजय तिवारी ने किया।

## रांची हिंसा जांच में शामिल एसएसपी सुरेंद्र झा को हटाना उचित नहीं : हाइकोर्ट

**रांची।** रांची हिंसा मामले में सरकार के जवाब पर एक बार फिर असंतोष जताते हुए हाइकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने हिंसा के दौरान रांची में दर्ज सभी 31 मामलों की जानकारी मांगी है। अदालत ने डीजीपी को सभी मामलों की जांच और वर्तमान स्थिति की जानकारी देने को कहा है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले की जांच भी सही दिशा में नहीं जा रही है। क्यों नहीं इस मामले की सीबीआइ से जांच करायी जाये। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि रांची के पूर्व एसएसपी सुरेंद्र झा अभी पदस्थापन की प्रतीक्षा में हैं। डेली मार्केट के दारोगा घायल थे, इसलिए उनका स्थानांतरण कर दिया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में जन्माष्टमी की भव्य झांकी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव का त्योहार मनाया गया। बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धर उनके जीवन की झांकी प्रस्तुत की। बच्चे मुकुट, बांसुरी, मोरपंख व मोतियों की रंग-बिरंगी माला धारण किये नटखट नंद गोपाल, राधा, सुदामा, वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में नजर आये। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने अपने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार हमारी सभ्यता-संस्कृति के प्रतीक हैं।

**तीन विद्यार्थियों का अंडर 16 रांची जिला बास्केटबॉल टीम में हुआ चयन**

साथ ही विद्यालय के तीन विद्यार्थियों लक्ष्मी, प्राची एवं आरोही का चयन अंडर 16 रांची जिला बास्केटबॉल टीम में हुआ है। प्राचार्य और शिक्षकों ने इन विद्यार्थियों को बधाई एवं इसके अगले पायदान की शुभकामनाएं दीं।

## सीएमपीडीआइ और नवभारत जागृति केंद्र के बीच समझौता

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत लोक नायक जय प्रकाश पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट, चौपारण, हजारीबाग के माध्यम से झारखंड के 20 बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑप्थेलमिक असिस्टेंट में मान्यता प्राप्त 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स प्रायोजित करने के लिए।सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआइ) एवं नव भारत जागृति केंद्र, हजारीबाग के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आर के महापात्रा तथा नव भारत जागृति केंद्र के सचिव सतीश गिरजा के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।





































# उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव बने राहुल कुमार पुरवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने कई आइएएस का तबादला और अतिरिक्त प्रभार दिया है। इसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राहुल कुमार पुरवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का सचिव बनाया गया है। आइएएस राहुल कुमार पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत थे। अबु बकर सिद्दीकी को झारखंड राज्य खनिज निगम लिमिटेड (जेएसएमडीसी) का अतिरिक्त प्रभार दिया है। अबु बकर सिद्दीकी अभी कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता के सचिव होने के साथ खान विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में हैं। झारखंड के राज्यपाल के आदेश के बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**अबु बकर को जेएसएमडीसी का अतिरिक्त प्रभार**

### कौन आइएएस कहां गये

अविनाश कुमार को ऊर्जा विभाग का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। अविनाश कुमार झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। कृपानंद झा को महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। प्रतीक्षारत चंद्रशेखर को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का विशेष सचिव बनाया गया है। आदिवासी कल्याण आयुक्त का प्रभार देख रहे मुकेश कुमार अपने कार्यों के साथ रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। पर्यटन निदेशक अंजली यादव अपने कार्यों के साथ झारखंड पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक बनायी गयी हैं।

# कारोबारी पंकज मिश्रा की न्यायिक हिरासत बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पत्थर कारोबारी पंकज मिश्रा की अधिवक्ता के माध्यम से गुरुवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेशी हुई। अधिवक्ता ने पंकज मिश्रा की मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश किया। इसके बाद अदालत ने पंकज मिश्रा की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। अगली सुनवाई 14 दिनों के बाद होगी। बता दें कि अवैध खनन और गलत तरीके से पहाड़ों एवं राष्ट्रीय संपदा की लीज के आवंटन मामले में इडी की ओर से 19 जुलाई को मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान पंकज मिश्रा की इडी के हिरासत में ही तबीयत खराब हो गयी थी। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए 30 जुलाई को रिम्स में भर्ती किया गया था।

# छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग को लेकर आजसू ने सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू), डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इकाई ने विवि संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में कुलपति डॉ. तपन कुमार सांडिल्य को पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा। मौके पर विवि संयोजक अभिषेक झा ने कहा की आजसू द्वारा जो विषय विवि प्रशासन के समक्ष रखे गए हैं वो सभी विषय छात्रहित में अतिआवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि छात्र संघ चुनाव से वास्तविक रूप से बेहतर नेतृत्व क्षमता रखने वाले युवा नेतृत्व को लेकर सामने आते हैं। यह युवाओं का अधिकार है। कोरोना संकट भी अब टल गया है, इसलिए अविलंब छात्रसंघ चुनाव के लिए विवि प्रशासन को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैसे छात्र छात्राएं जो उत्तीर्ण हो चुके हैं को आपने आगे के करियर की संभावनाओं के लिए अतिआवश्यक है अतः अविलंब दीक्षांत समारोह कर उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को डिग्री दी जानी चाहिए। वहीं, प्लेसमेंट सेल को मजबूत कर विवि के छात्र छात्राओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की अतिअवश्यकता है, यह छात्र छात्राओं की मांग भी है। मौके पर अभिषेक शुक्ला, जगत मुरारी, मुकेश, ऋतिक, राहुल, अन्वय, अभिषेक सिंह, वतन, हर्ष, हर्षित उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर आस्था और परंपरा को छात्रों में जीवंत रखने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। आकर्षक कार्ड बनाने जैसी कलात्मक गतिविधियों सहित बच्चों ने बाल गोपाल के मुकुट, पालना, मटकी और बांसुरी बनाकर अपनी रचनात्मकता व कलात्मकता प्रदर्शित की। बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। मोरपंख, मटका और बांसुरी पकड़े हुए उन्होंने राधा-कृष्ण के कुछ सुंदर उपदेशों का वाचन किया। विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी उत्सव के उपलक्ष्य में बाल-गोपाल के झूलन उत्सव और झांकी को भी बड़े आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया गया जिसमें श्रीकृष्ण के बाल रूप से लेकर कुरुक्षेत्र तक के दृश्य की प्रस्तुति की गयी जो त्योहार के महत्व को उजागर करने में सफल रहा। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि ये अवसर लोगों को एक सूत्र में बांधते हैं जो आस्था और विश्वास का प्रतीक है। प्राचार्या परमजीत कौर ने बच्चों को त्योहार की महत्ता बताते हुए शुभकामनाएं दी और उनके इस अद्भुत कार्य के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार धार्मिकता का संदेश देता है और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शंभू राम
अंचल पदाधिकारी , अंचल - रंका , जिला - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुमार बिजेंद्र
रोजगार सेवक, पंचायत - कंचनपुर, प्रखंड - रंका, जिला - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ दीपक कुमार यादव
नवजीवन हॉस्पिटल एंड डेंटल केयर हॉस्पिटल चौक मेराल (गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ दीपक कुमार सिन्हा
(एमबीबीएस) जेनरल फिजीशियन मेराल - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय प्रसाद गुप्ता
समाजसेवी, अध्यक्ष - तैलिक महासभा जिला-गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश कुमार सिंह
जनसेवक - प्रखंड कार्यालय, मेराल (गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ लाल बहादुर साह
प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी, डायरेक्टर - स्वर्गीय नथनी साह मेमोरियल हॉस्पिटल - संगवरिया, मेराल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ राकेश रंजन गुप्ता
आयुष चिकित्सक - सीएचसी, मेराल (गढ़वा)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ दीपक कुमार पाण्डेय
डायरेक्टर आरोग्य हॉस्पिटल एंड फामेर्सी कॉलेज गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ वीरेंद्र कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीएचसी - मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रताप सिंह
(गुड्डू सिंह)
समाजसेवी सह झामुमो नेता रजबन्धा - मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अनिल साह
सुप्रसिद्ध चिकित्सा सह समाजसेवी डायरेक्टर ज्योति हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं किस्मती फामेर्सी कॉलेज मेराल, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश कुमार साव
प्रखंड विकास पदाधिकारी - मेराल, गढ़वा एवं प्रखंड परिवार मेराल

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुमताज राही
निर्देशक : 10+2 मिलेनियम पब्लिक स्कूल, सी बी एस ई से मान्यता प्राप्त पुरैनी,विशुनपुर,बंशीधर नगर गढ़वा, झारखंड (नामांकन प्रारम्भ है)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवानंद राम
प्रखंड विकास पदाधिकारी , प्रखंड - रंका , जिला - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अलखनाथ पांडेय
निर्देशक : आर के पब्लिक स्कूल अधौरा, बंशीधर नगर, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश कुमार
प्राचार्य
भानुप्रताप शाही
सचिव
मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय बंशीधर नगर, गढ़वा

आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर राजमाता गुंजेश्वरी देवी इंटर महाविद्यालय रंकाराज की ओर से सभी छात्र, छात्राओं, माता, पिता अभिभावकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भरतलाल चौधरी
प्राचार्य, राजमाता गुंजेश्वरी देवी इंटर महाविद्यालय रंकाराज , प्रखंड - रंका , जिला - गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामचन्द्र केशरी
पूर्व मंत्री सह वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीधर नगर, गढ़वा
विजय केशरी
वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीधर नगर, गढ़वा

# संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति के पुनर्गठन से बदलाव की राह चली भाजपा

## गडकरी-शिवराज को हटाना और येदियुरप्पा-लालपुरा जैसे 75 पार नेताओं को शामिल कर दिया संदेश, अब उम्र की बजाय छवि देखेगी पार्टी

## पार्टी ने साधे क्षेत्रीय और चुनावी समीकरण, पहली बार सिख और पूर्वोत्तर के चेहरे को जगह

**दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में बदलाव और पुनर्गठन के जरिये जहां क्षेत्रीय, जातीय और चुनावी समीकरण को साधने की कोशिश की है, वहीं इसने 75 पार के नेताओं, बीएस येदियुरप्पा, सत्यनारायण जटिया और इकबाल सिंह लालपुरा को शामिल कर साफ कर दिया है कि जिसके अंदर पार्टी के प्रति समर्पण की भावना है, उसके लिए उम्र बाधक नहीं बनेगी। ऐसा कर भाजपा ने सचमुच में यह संदेश दिया है कि पार्टी अब बदलाव के रास्ते पर है। भाजपा की सर्वोच्च निर्णायक समिति, संसदीय बोर्ड में पहली बार किसी सिख, इकबाल सिंह लालपुरा और पूर्वोत्तर के किसी चेहरे, सर्बानंद सोनोवाल को जगह मिली है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जैसे कद्दावर चेहरे को हटा कर पार्टी ने यह भी साफ कर दिया है कि उसके लिए कोई भी अपरिहार्य नहीं है। पार्टी में हैं, तो संगठन के लिए अथक परिश्रम करना होगा। आपको यह साबित करना होगा कि आपने पार्टी के लिए क्या किया। इसके सहारे भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश भी दिया है कि नेताओं को सिर्फ बुजुर्गियत या अनुभव के आधार पर नहीं, उनकी सहज स्वीकार्य छवि देख कर उनकी भूमिका तय होगी। भाजपा में सचमुच में यह बड़ा परिवर्तन है। इसके अलावा भाजपा ने बीएस येदियुरप्पा के जरिये कर्नाटक के राजनीतिक समीकरण साधने, तो इकबाल सिंह लालपुरा के जरिये सिख समुदाय को सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की है। थावरचंद गहलोत के हटने के बाद संसदीय बोर्ड में दलित चेहरा नहीं था, तो इसकी भरपाई इसी बिरादरी के सत्यनारायण जटिया से की गयी है। पुनर्गठन के पहले खासतौर से संसदीय बोर्ड में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यसभा में सदन नेता पीयूष गोयल और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को शामिल करने की चर्चा थी, लेकिन उन्हें जगह नहीं मिली है। आखिर भाजपा में इस बदलाव का क्या मतलब निकलता है। क्या पार्टी का मार्गदर्शक मंडल अब अतीत की बात हो गयी है या फिर कोई दूसरा समीकरण आकार ले रहा है। इस बदलाव और इसके संभावित असर का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**



राकेश सिंह

भाजपा की दो शीर्षस्थ समितियों, संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति के पुनर्गठन के बाद अब राजनीतिक हलकों में यह चर्चा आम हो गयी है कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी एक बड़े बदलाव की राह पर चल पड़ी है। यह बदलाव है पार्टी के भीतर उम्र की बाधा। 2019 के आम चुनाव से पहले भाजपा के अंदर यह विचार हुआ था कि 75 पार के नेताओं पर अब दांव नहीं लगाया जायेगा। इसी नीति के तहत लालकृष्ण आडवाणी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, कड़िया मुंडा और सुमित्रा महाजन जैसी शख्सियतों को टिकट नहीं दिया गया। आडवाणी और जोशी को पार्टी के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल में रख दिया गया। लेकिन दो साल बाद केरल विधानसभा चुनाव में जब 90 वर्ष के मेट्रो मैन इ श्रीधरन को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया, तो उम्र की बाधा पर चर्चा हुई। तब कहा गया कि पार्टी को केरल में अपना खाता खोलना है। इसलिए इस लोकप्रिय शख्स को टिकट दिया गया, जो एक अपवाद है। हालांकि श्रीधरन चुनाव नहीं जीत सके, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उम्र की बाधा की नीति पर चलते रहने का फैसला किया।

अब पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में कम से कम तीन ऐसे नेताओं को शामिल किया गया है, जो 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। इनमें 79 साल के बीएस येदियुरप्पा, 76 साल के सत्यनारायण जटिया और 80 साल के इकबाल सिंह लालपुरा शामिल हैं। इन तीनों नेताओं को नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान, शहनवाज सरीखे चेहरों को हटा कर लाया गया है। इसलिए सियासी हलकों में इसे भाजपा के भीतर बदलाव के रूप में लिया जा रहा है। पहले चर्चा थी कि निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, योगी आदित्यनाथ, हिमंत बिस्वा सरमा, स्मृति ईरानी, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे दिग्गजों को इन दोनों समितियों में जगह मिलेगी, लेकिन भूपेंद्र यादव को छोड़ तमाम अनुमान गलत साबित हो गये। इनमें सिर्फ भूपेंद्र यादव को केंद्रीय चुनाव समिति में जगह दी गयी है। बाकी सभी को दोनों में से किसी में भी जगह नहीं मिली। इतना ही नहीं, मोदी सरकार में बेस्ट परफॉर्मर के रूप में चर्चित नितिन गडकरी और मध्यप्रदेश में भाजपा के निर्विवाद नेता शिवराज सिंह चौहान का पत्ता साफ कर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संकेत दे दिया है कि अब उन चेहरों को तरजीह दी जायेगी, जिनमें पार्टी के प्रति समर्पण होगा। जो मौजूदा हालात में पार्टी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। जिसमें कुछ भी उलटफेर करने की कूबत हो। इसलिए गडकरी की जगह देवेंद्र फडणवीस को लाया गया है, जबकि शिवराज की जगह सर्बानंद सोनोवाल जैसे सांगठनिक मामलों के दिग्गज को जगह दी गयी है।



भाजपा नेता इस बदलाव को विविधता और पार्टी की सांगठनिक ताकत का प्रतीक बताते हुए दावा कर रहे हैं कि पार्टी द्वारा गठित नया संसदीय बोर्ड यह दिखाता है कि पार्टी अपने पुराने कार्यकर्ताओं को कैसे पुरस्कृत करती है और उनके अनुभव का सम्मान करती है। उनका कहना है कि बीएस येदियुरप्पा, सत्यनारायण जटिया, इकबाल सिंह लालपुरा और के लक्ष्मण जैसे कार्यकर्ताओं ने पार्टी को अपना जीवन समर्पित कर दिया, पार्टी के विस्तार में शुरू से ईंट-पत्थर के तौर पर नींव का काम किया है। सर्वोच्च निर्णय लेनेवाली संस्था में इन नेताओं का आना इस बात को दिखाता है कि पार्टी अपने सम्मानित कार्यकर्ताओं को कैसे महत्व देती है। इसके अलावा नये संसदीय बोर्ड को विविधता पर जोर देने का प्रतीक बताते हुए यह भी कहा जा सकता है कि संसदीय बोर्ड में शामिल किये गये सर्बानंद सोनोवाल पूर्वोत्तर भारत से और बीएस येदियुरप्पा और के लक्ष्मण दक्षिण भारत से ताल्लुक रखते हैं। इकबाल सिंह लालपुरा सिख हैं। संसदीय बोर्ड में पहली बार सिख को जगह मिली है। बता दें कि लालपुरा पूर्व आइपीएस रह चुके हैं। अपनी मेहनत के बल पर नेता बनी सुधा यादव के पति कारगिल में शहीद हो गये थे और उनको संसदीय बोर्ड में शामिल करना महिलाओं और सशस्त्र बलों के परिवारों के प्रति सर्वोच्च सम्मान की भाजपा की भावना को दर्शाता है।

### नितिन गडकरी का बयान था सुर्खियों में

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का एक बयान आपको याद होगा। उन्होंने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान अपने मन की बात साझा की थी। उनका कहना था कि कभी-कभी मन करता है कि राजनीति ही छोड़ दूं। समाज में और भी काम हैं, जो बिना राजनीति के किये जा सकते हैं।

उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी के समय की राजनीति और आज की राजनीति में बहुत बदलाव हुआ है। बापू के समय में राजनीति देश, समाज, विकास के लिए होती थी, लेकिन अब राजनीति सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए होती है। गडकरी के इस बयान के बाद कई सियासी मायने निकाले जाने लगे थे। गडकरी ने पिछले साल भी राजनेताओं पर एक और बयान दिया था, जो राजनीतिक गलियारे में काफी चर्चा में रहा। उन्होंने राजस्थान विधानसभा में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा था- आजकल हर किसी की समस्या है, हर कोई दुखी है। जो मुख्यमंत्री बनते हैं, वो इसलिए परेशान रहते हैं कि पता नहीं उनहें कब हटा दिया जाये। विधायक इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मंत्री नहीं बन पाये। मंत्री इसलिए दुखी हैं, क्योंकि उन्हें अच्छा विभाग नहीं मिला। अच्छे विभाग वाले इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मुख्यमंत्री नहीं बन पाये।

### कभी अटल, आडवाणी और मुरली भी बाहर किये गये थे

2014 में अटल, आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को संसदीय बोर्ड से बाहर किया गया था। इनकी जगह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उस वक्त पार्टी महासचिव जेपी नड्डा को बोर्ड में शामिल किया गया था। पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की वजह से अमित शाह भी इस बोर्ड का पहली बार हिस्सा बने थे।

### संघ की पकड़ हुई मजबूत, मोदी का विकल्प नहीं

भाजपा ने संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति के पुनर्गठन के बाद स्वाभाविक तौर पर इसकी चर्चा पार्टी से बाहर अधिक हो रही है। भाजपा का कठोर अनुशासन और नेतृत्व के प्रति पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास पार्टी के भीतर इस पर चर्चा पर रोक लगाता है। वैसे एक बात की चर्चा आम है कि भाजपा पर अब संघ की पकड़ पहले से मजबूत हुई है। इसके साथ ही संघ ने यह भी साफ कर दिया है कि भाजपा में फिलहाल मोदी के विकल्प की कोई संभावना नहीं है। भाजपा यदि अगले 25-30 साल तक सत्ता में बने रहने की रणनीति बना रही है, तो भी मोदी और उनके बाद अमित शाह को लेकर किसी को भ्रम में रहने की जरूरत नहीं है। ये दोनों नेता आज भी संघ के करीबी हैं और कम से कम अगले 10 साल तक मोदी के बाद के नामों पर विचार कहीं नहीं हो रहा है।

इस तरह भाजपा संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति का पुनर्गठन पार्टी के सियासी बदलाव के उस रुख को साफ करता है, जिस पर 2024 की जीत की नींव रखी जानी है। यह देखना होगा कि यह नींव कितनी मजबूत साबित होती है।


## रांची-आसपास की खबरें

### डीएवी हेहल के विद्यार्थी-अभिभावक हुए सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची के सभागार में इस वर्ष सीबीएसइ द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र व उनके माता-पिता को शाल ओढ़ाकर मुख्यातिथि राजेश कुमार शर्मा (आइएएस) शिक्षा सचिव, झारखण्ड सरकार के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। श्री सिन्हा ने मुख्यातिथि राजेश कुमार शर्मा जी को विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'समिधा',औषधीय पौधा देकर एवं शाल ओढ़ाकर उनका आभार प्रकट करते हुए कृतज्ञता जाहिर की। श्री एस के सिन्हा प्राचार्य डीएवी गांधीनगर, रांची, श्रीवीके पांडेय प्राचार्य डीएवी बरियातू, राची, टीपी झा प्राचार्य डीएवी, खूंटी, किरण यादव प्राचार्य नीरजा सहाय डीएवी,रांची, श्री एसके मिश्रा प्राचार्य एसआर डीएवी, पुंदाग, रांची, बीपी रॉय प्राचार्य डीएवी खलारी, विकास कुमार कैरियर काउंसलर, रांची, वरिष्ठ शिक्षक सतीश सिन्हा, एके अमरेश, एनके दुबे, ओपी गोयल, मौषमी मजूमदार, अनुराधा सिंह, अनुश्री सिन्हा, अनुपमा रानी आदि थे।

### विधायक बंधु तिर्की ने करियर गाइडेंस कोचिंग सेंटर का किया उद्घाटन



मांडर (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित मांडर कॉलेज में राजीव गांधी कैरियर गाइडेंस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि यह कोचिंग सेंटर मील का पत्थर साबित होगा। आने वाले दिनों में यह झारखंड सरकार के लिए भी एक नजीर बन जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को जो आर्थिक रूप से काफी पिछड़े होते हैं उनमें प्रतिभा होने के बावजूद आगे नहीं बढ़ पाते हैं। क्योंकि उनके पास कोचिंग सेंटर को देने के लिए मोटी रकम नहीं होती है। लेकिन इस तरीके से निशुल्क कोचिंग सेंटर प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। इस सेंटर में रेलवे, बैंकिंग, एसएससी, जेपीएससी समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाएगी। क्लास 2:30 से शुरू होगी और रोजाना तीन बैच चलेगी। प्रत्येक बैच में 40 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी भी महीने में दो क्लास लेंगे और विद्यार्थियों को उचित दिशा-निर्देश देंगे। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रोफेसर नाथू गाड़ी ने किया। मौके पर प्राचार्य इंदिरा सिंह, सोमरा उरांव, प्रो. बुधु उरांव, प्रो. फैयाज जहांगीर, उप प्रमुख अमानत अंसारी, पंकज सिंह, सतीश कुमार तिवारी, उत्तम सिंह, आनंद साहू, जमील मलिक, संजय तिग्गा, सेरोफिना मिंज, तबारक खान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### भाजपा विरोधी परिवार से संपर्क कर कार्यकर्ता अपनी विचारधारा से जोड़ें : नागेंद्र

**भाजपा के संगठन महामंत्री ने जिला पदाधिकारियों, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और महामंत्रियों के साथ की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भाजपा बिहार, झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र ने कहा कि हर कार्यकर्ता भाजपा विरोधी परिवार से संपर्क कर उन्हें अपनी विचारधारा से जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता बने रहना अच्छा है, लेकिन उससे महत्वपूर्ण नये लोगों को संगठन से जोड़ना है।

भाजपा के संगठन महामंत्री गुरुवार को भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष और महामंत्रियों की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने विषय प्रवेश कराया। बैठक के मुख्य अतिथि ने जिला, मोर्चा और सभी आठ मण्डल के कार्यों की समीक्षा की। प्रदेश महामंत्री सह दक्षिण प्रमंडल के प्रभारी बालमुकुन्द सहाय ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन के विकास व विस्तार के लिए कार्य करें। जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि संगठन के कार्य को ज्यादा से ज्यादा करने की इच्छा जगायें। बैठक में प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष काशी नाथ महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कृपा सिंधु बेहरा, कैलाश राम और तुलसी भगत, शशंक शेखर राय, गंदौरी गुड़िया, विष्णु सोनी, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, गोपाल स्वर्णकार, राम लखन सिंह, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, लव चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, सोशल मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, गुलाब महतो, सचिन कश्यप, जिला मोर्चा युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष संजय मुण्डा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र नायक, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, रनिया मण्डल अध्यक्ष निखिल कन्डूलना, खूंटी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, कर्रा मण्डल अध्यक्ष बालकिशुन महतो, अड़की मण्डल अध्यक्ष मोती पातर, तोरपा मण्डल अध्यक्ष पुरेंदर मांझी, गोविन्दपुर मण्डल अध्यक्ष रामध्यान सिंह, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य प्रियांक भगत, शंकर प्रधान, रंदाय नाग, विकास चौधरी, सुदर्शन भोगता, सुकेन्दर महतो, दिलीप कुमार, कलिन्द्र राम, राजेश नाग, कैलाश कांशी, विनोद कुमार धान, मंगा नाग, कृष्णानंद तिवारी, अमित कश्यप, विजय भगत, सुरेश प्रसाद, भुवनेशवर मांझी, लक्ष्मण पाहन, सीताराम नाग, श्याम कुमार, महावीर गोप आदि उपस्थित थे।



#### देश को फिर से विश्व गुरु बनाना है: नीलकंठ

**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुण्डा ने कहा कि हमें एक बार देश को विश्व गुरु बनना है। इसके लिए हमें अपने बूथ कमेटी को सशक्त करना होगा। सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते पार्टी को मजबूती प्रदान करें। तोरपा विधायक कोचे मुण्डा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कोई कोर कसर न छोड़ें।**

### आशादीप आजीविका महिला संकुल संगठन का उद्घाटन

खूंटी (आजाद सिपाही)। अड़की प्रखंड में आशादीप आजीविका महिला संकुल संगठन तिरला का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। संकुल संगठन की अध्यक्ष ने संकुल का परिचय देते हुए बताया कि इस संकुल का गठन पांच पंचायतों को लेकर किया गया है। इसमें तिरला, मदहातु, कोचांग, बिरबांकी और बोहंडा पंचायत शामिल हैं। इन पांच पंचायतों में 38 गांव, 4101 परिवार हैं। इनमें से 127 महिला स्वयं सहायता समूह में 2314 परिवार आच्छादित हुए हैं। तिरला गांव के ग्राम प्रधान और मुखिया श्रीमती खुशबू रानी भेंगरा ने कहा कि महिलाओं में इस प्रकार की जागरुकता देख प्रसन्नता हुई। भविष्य में पंचायत की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा, ताकि महिला संगठन के सहयोग से इस सुदूरवर्ती क्षेत्र का विकास हो। सभी पंचायतों के मुखिया ने भी कहा कि अब हर घर की महिलाएं जागरूक हो रही हैं, जो आनेवाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। जेएसएलपीएस के सीइओ विष्णु परिदा ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहयोग से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। समारोह में झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा, जिला कार्यक्रम प्रवंधक शैलेश रंजन के अलावा सभी पंखयत के मुखिया, ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौजूद थे।

### अनगड़ा की मुखिया ने एंबुलेंस सेवा शुरू की, पंचायत के लोगों को मिलेगी मदद



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार को अनगड़ा पंचायत की मुखिया सीमा देवी ने क्षेत्र के लोगों के लिए एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। मुखिया सीमा देवी ने स्वयं के खर्चे से पंचायत वासियों को एंबुलेंस सुविधा की सौगात दी है। इस अवसर पर मुखिया सीमा देवी ने कहा कि अनगड़ा पंचायत की जनता से किए गये वायदे को उन्होंने आज पूरा किया है। बताया कि सिर्फ तेल का खर्च वहन कर हर कोई इस एंबुलेंस सेवा का लाभ ले सकता है। मौके पर पूर्व मुखिया मधुसूदन मुण्डा, ग्रामप्रधान लोकनाथ पाहन, पंसस रोशनी कुमारी, पूर्व पंसस अघनु महतो, जगेश्वर महतो, राजेश यादव, कुशल महतो, सूरज कुमार, दिनेश्वर महतो, सरिता देवी, कृष्णा महतो, सोनालाल महतो, केशव महतो, शंकर करमाली आदि मौजूद थे।

### अनगड़ा प्रखंड युवा कांग्रेस नेता संजय नायक ने भाजपा का दामन थामा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के नीति-सिद्धांतों से प्रभावित होकर प्रखंड के कांग्रेस नेता संजय नायक ने कांग्रेस पार्टी का त्याग कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। गत दिनों संजय नायक अपने समर्थकों के साथ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी के धुर्वा रांची स्थित आवास पर अमर कुमार बाउरी एवं मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के समक्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने पर संजय नायक का फूलमाला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमर बाउरी ने कहा कि दलित समाज का उत्थान सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। अन्य पार्टियां दलितों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती हैं। कमलेश राम ने कहा कि हाल के दिनों में केन्द्र सरकार द्वारा दलित समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं, जिसका भरपूर लाभ दलितों को मिल रहा है। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आजसू नेता की बाइक दिन में चोरी

टंडवा (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विस्थापित नेता ग्राम पोकला निवासी महेश महतो का बाइक अज्ञात चोरो ने दिन ग्यारह बजे चोरी कर लिया।वे टंडवा के हरदियाबांद के पास अपने मकान में रहते हैं। बाहर में खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल नंबर खल्02अङ-0552 को अज्ञात चोरों ने चोरी कर फरार हो गया।महेश महतो ने बताया कि ग्यारह बजे दिन में मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ा कर घर के अंदर में थे। इसी बीच जब मैं बाहर निकल कर मोटरसाइकिल देखने लगे तो गायब मिला।भुक्त भोगी महेश महतो ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से आवेदन लिख चोरो की गिरोह का उद्भेदन करने का अपील किया है।

## ‘भक्ति जागरण का उद्घाटन



चतरा (आजाद सिपाही)। इटखोरी प्रखंड के प्रसिद्ध मां मनसा पूजा के मौके पर भक्ति जागरण का जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी व थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। मनसा पूजा को लेकर भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है।

साथ ही सड़क के दोनों और रंगबिरंगे लरिया लगाई गई है। पूजा पंडाल चारो ओर खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। जागरण उद्घाटन में स्थानीय मुखिया जोगेश्वर दांगी, उपमुखिया आशिष दांगी समेत मानसा पूजा समिति के सदस्य गण मौजूद है। उद्घाटन से पूर्व पुजारी ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा कराई।

### राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने मोहा मन

# बच्चों की प्रतिभा में चार-चांद लगाने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** शहर के इंदुमति टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय दिभा, चतरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में राधा-कृष्ण साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक छोटे-छोटे बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गीता सिन्हा संगीता साह जवाहर दांगी ने लड्डूगोपाल कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के मनमोहक रूप में विभिन्न गीतों पर नृत्य व नाट्य कला की अद्भुत व मनमोहक प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका गीता सिन्हा संगीता साह जवाहर दांगी व सीमा वर्मा ने निभाया। विषय प्रवेश कराते हुए श्रीमती लक्ष्मी कर्मकार ने कहा विद्यालय में तीन साल के लंबे अंतराल के बाद आज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य भैया-बहनों के अंदर बचपन से ही भारत की संस्कृति और सभ्यता की नींव डाली जाय ताकि बच्चें बड़े होकर संस्कारी बने और श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेणना लेकर त्याग, समर्पण, आदर, मित्रता, प्रेम, भक्ति व वात्सल्य की भावना अपने जीवन मे उतारकर समाज के लिए एक आर्दश प्रस्तुत करें।वैसे देखा जाए तो श्री कृष्ण की हर लीला दिव्य है और हर लीला का एक अपना अध्यतामिक पक्ष है। माखन खाते कृष्ण,वंशीधर कृष्ण,राधा रूप धारण किये कृष्ण व राधा कृष्ण जोड़ी में बेहतर साज सज्जा के आधार पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमे एकल लड्डू गोपालकृष्ण के रूप में मयंक व शिवम मिश्रा संयुक्त रूप से प्रथम नमन द्वितीय व आकाश कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये। वही नन्ही राधा परिधनो से अलंकृत वेश में मीनाक्षी प्रथम,लक्ष्मी द्वितीय व अद्विका उर्मि तृतीय स्थान पर रही।



### कार्यक्रम में उपस्थित थें

गीता सिन्हा संगीता साह ने बच्चों को उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया। संचालन प्रवक्ता कार्यक्रम प्रमुख सह वाटिका प्रभारी सरिता गुप्ता ने किया। अंत मे कार्यक्रम सभी आगुन्तक अतिथि, अभिभावकवृन्द, आचार्य आचार्या, भैया बहन व उपस्थित लोगो के प्रति आभार व कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्राचार्य पवन कुमार दास ने कहा कि भावी इतिहास बच्चों का ही है लिहाजा ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास, नयी सोच का विकास होता है इसलिए बच्चों की प्रतिभा में चार-चाँद लगाने के ऐसे कार्यक्रम का आयोजन बेहद जरूरी है।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
हर्षद दातार
महाप्रबंधक सीसीएल कथारा क्षेत्र
दिनेश कुमार गुप्ता
परियोजना पदाधिकारी, स्वांग कोलियरी
बसंत कुमार साहू
परियोजना पदाधिकारी, कथारा कोलियरी
उमेश कुमार
परियोजना पदाधिकारी, कथारा कोल वाशरी
राजेश कुमार
वित्त प्रबंधक, सीसीएल कथारा क्षेत्र

विजय सिंह
बेरमो हेड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त 2022
सतेंद्र कुमार
गोकुल स्वीट्स,मेन रोड कथारा बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
विक्रम कुमार पांडेय
मंत्री, बोकारो, भाजपा, पूर्व प्रत्याशी टूंडी विधानसभा (झारखंड)

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुशील कुमार अग्रवाल
उपाध्यक्ष, बीकेबी कंपनी, फुसरो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अनिता देवी
पसंस सह पूर्व प्रमुख चंद्रपुरा प्रखंड (बोकारो)

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
विवेक तिवारी
थाना प्रभारी, महुआटांड थाना, बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुरेंद्र दास
जिलाध्यक्ष, झारखंड प्रकोष्ट उत्तर मुंबई, अध्यक्ष सहयोग जीवन फाउंडेशन

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सतीश बालमुचू
थाना प्रभारी, रेल थाना, गोमियां

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रविंद्र कुमार मिश्रा
केंद्रीय उपाध्यक्ष सह सदस्य बेल्फेयर बोर्ड सीसीएल, सीकेएस (भारतीय मजदूर संघ)

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
BHATIA ATHLETICS ACADEMY TRUST
भाटिया एथलिट एकाडमी ट्रस्ट
बोकारो थर्मल, बोकारो (झारखंड)

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
डीएवी पब्लिक स्कूल संवाग परिवार

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
कविता कुमारी
उपमुखिया, पलिहारी गुरुडीह पंचायत, गोमियां

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अभिषेक महतो
थाना प्रभारी, आइइएल थाना, बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रंजय कुमार सिंह
सचिव, राष्ट्रिय कोलियरी मजदूर युनियन, कथारा कोल वाशरी परियोजना

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुनिता सिंह
संस्थापक, मिशन आफ लाइफ

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पिंटू सिंह
अध्यक्ष, जनशक्ति परिषद, बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
राजीव कुमार पांडेय
सचिव सीसीएल सीकेएस (भामसं), कथारा कोलियरी

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
चंद्रशेखर प्रसाद
कोषाध्यक्ष, मंदिर समिति कथारा 4 नंबर (बोकारो)

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पुनम देवी
मुखिया, कथारा पंचायत, बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
तरुलता देवी
मुखिया, बोड़िया दक्षिणी
निवेदकः घनश्याम प्रसाद

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
प्रिंस कुमार सिंह
थाना प्रभारी, ओपी थाना कथारा (गोमियां), बोकारो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अजय कुमार सिंह
सीसीएल सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर युनियन, विधायक प्रतिनिधि, कथारा

# जड़ता की ग्रंथियां

राजस्थान में जालोर जिले के सुराणा गांव में स्थित एक स्कूल में पिटाई के बाद एक बच्चे की मौत की घटना ने समाज में पलती विकृतियों पर फिर से सोचने की जरूरत को रेखांकित किया है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि एक ओर देश में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर उत्साह का माहौल रहा और सबने बेहतर भविष्य की कल्पना के साथ आगे बढ़ने का संकल्प किया और दूसरी ओर एक स्कूल में शिक्षक ने बच्चे को इतना पीटा कि बाद में उसकी मौत हो गई। खबरों में यही सामने आया कि बच्चे ने अपने घर में इस बात की शिकायत की थी कि स्कूल में एक मटकी से पानी पी लेने की वजह से शिक्षक ने उसे मारा। इसके बाद बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और इलाज के बावजूद उसकी जान नहीं बचायी जा सकी। हालांकि मटकी से पानी पीने के मामले को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है और ईमानदारी से होने वाली जांच के जरिए ही इसकी हकीकत सामने आयेगी। लेकिन इस तथ्य से कोई इनकार नहीं कर पा रहा है कि बच्चे की पिटाई की गई, जिसकी चोट के चलते आखिरकार उसकी जान चली गयी। सवाल है कि किसी भी स्थिति में कोई शिक्षक एक बच्चे को कैसे मार सकता है, जबकि स्कूली बच्चों से मारपीट और डांट-फटकार तक को लेकर अदालतों की ओर से भी स्पष्ट निर्देश मौजूद हैं। सुराणा की घटना में मटकी से पानी पीने पर पिटाई की सच्चाई जांच के बाद सामने आयेगी, लेकिन समाज से लेकर अन्य जगहों पर कमजोर जातियों या दलितों के खिलाफ भेदभाव और उत्पीड़न की घटनाएं कोई नयी बात नहीं रही हैं।

**राजस्थान में जालोर जिले के सुराणा गांव में स्थित एक स्कूल में शिक्षक ने बच्चे को इतना पीटा कि बाद में उसकी मौत हो गई।**

राजस्थान पिछले कुछ सालों से ऐसी तमाम घटनाओं का साक्षी बन रहा है, जहां दलितों के खिलाफ अपराध और अत्याचार की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई है। यह कोई छिपी हकीकत नहीं है कि कमजोर जातियों-तबकों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव, अपराध और उत्पीड़न की घटनाएं इसीलिए निर्बाध चलती रहती हैं, क्योंकि सरकार आरोपी लोगों और समूहों के खिलाफ उचित और सख्त कानूनी कार्रवाई नहीं करती। जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है तब जाकर सरकार की ओर से औपचारिकता के निर्वहन के लिए कोई कार्रवाई या मुआवजे के तौर पर कुछ रकम देने की घोषणा कर दी जाती है, लेकिन समस्या के दीर्घकालिक या स्थायी हल के लिए कोई ठोस नीतिगत पहल नहीं होती। सुराणा के स्कूल में हुई घटना के बाद संभव है कि आरोपी शिक्षक के दोषी पाये जाने पर उसे सजा मिल जाए, लेकिन सवाल है कि इससे इतर समाज और समूचे ढांचे में जाति की बुनियाद पर पलने वाली ऊंच-नीच की कुंठा का इलाज क्या होगा? इस कुंठा से संचालित दुराग्रहों की वजह से दलित-वंचित जातियों के न जाने कितने बच्चे और अन्य लोग अपने साथ अवांछित और अमानवीय व्यवहारों का सामना करते हैं और जीवन को बेहतर बनाने का हौसला नहीं जुटा पाते। परतों में पलती जातिगत ग्रंथियों का मनोवैज्ञानिक इलाज किये बिना हम सामाजिक समानता के सपने को कैसे पूरा कर पायेंगे?

**आजादी की पहली शताब्दी के पूर्व देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव की शुरुआत पर लाल किले की प्राचीर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने आगामी 25 साल के लिए देश को पंच प्रण- विकसित भारत, गुलामी को पूरी तरह मिटाने, विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाने और हर नागरिक के भारत के प्रति कर्तव्यों पर अपनी शक्ति, अपने संकल्पों और अपने सामर्थ्य को केंद्रित करने की कार्ययोजना सार्वजनिक की है।**

# आजादी के अमृत काल के सपनों के आधार 'पंच प्रण'



डॉ. भारद्वाज शुक्ल



**आगामी 25 वर्ष भारत के आजादी के दीवानों के संकल्पों को पूरा करने के लिए स्वर्णिम अवसर के रूप में दिखाई देता है। जब देश की युवा आबादी संगठित शक्ति का केंद्र बन जाए तो 2047 तक अपना भारत अवश्य ही विकसित भारत बन सकेगा। वर्तमान पीढ़ी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना गुलामी से आजादी के लिए संघर्ष के वक्त की पीढ़ी थी। आज स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर बलिदानियों की तरह हमें भी देश को पूर्ण विकसित एवं आत्मनिर्भर शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अपना तन-मन, जीवन का सर्वस्व समर्पण करने का भाव रखना होगा।**

भारतवर्ष को गुलामी की जंजीर को तोड़कर आजादी पाए 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। अपना देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर गया है। आजादी के लिहाज से अगले 25 वर्ष संपूर्ण देशवासियों के के लिए आजादी के दीवानों के अरमान एवं सपनों को पूर्ण आकार देने के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। आजादी की पहली शताब्दी के पूर्व देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए आजादी का अमृत महोत्सव की शुरुआत पर लाल किले की प्राचीर से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने आगामी 25 साल के लिए देश को पंच प्रण- विकसित भारत, गुलामी को पूरी तरह मिटाने, विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाने और हर नागरिक के भारत के प्रति कर्तव्यों पर अपनी शक्ति, अपने संकल्पों और अपने सामर्थ्य को केंद्रित करने की कार्ययोजना सार्वजनिक की है। वर्ष 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तब तक आजादी के दीवानों के सारे सपने को पूरा करने की जिम्मेदारी हम सभी देशवासियों की है।

आजादी के अमृत काल के लिए पंच प्रण की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने 'विकसित भारत' को पहला प्रण बताया है। भारत की आजादी के पहले शतक पर पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर व पूर्ण विकसित होना देश का लक्ष्य है। जिस लक्ष्य की सफलता देश की कार्यशील जनसंख्या के कंधों पर है तथा युवा पीढ़ी इसमें अहम भूमिका का निर्वाह करेगी।

**अपना भारत केवल समस्या पर नहीं अपितु उसके उचित समाधान के लिए विमर्श करने वाला देश है।**

गुलामी सर्वप्रथम हमारी सोच से उत्पन्न होती है। यदि हम विचारों से आजाद हों तो हमें गुलाम बना पाना कदापि संभव नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति हंड्रेड परसेंट गुलामी की सोच से मुक्ति पाने का उपाय है। हमें देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए।

आजादी के अमृत काल का दूसरा प्रण गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना है। यदि हमारे मन मस्तिष्क में गुलामी की एक भी अंश बच गई होगी तो उसे किसी भी हालत में बचने नहीं देना होगा।

चूंकि गुलामी से ज्यादा गुलामी की सोच दासता स्वीकार कराती है। इस सोच ने समाज में कई विकृतियां पैदा कर रखी है। इसलिए गुलामी की सोच से हर हालत में मुक्ति पानी ही होगी। भारत आर्थिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक रूप से न केवल सक्षम रहा है अपितु विश्व का सर्वश्रेष्ठ गौरवपूर्ण वैविध्य विरासत से संपन्न रहा है।

लंबी गुलामी की दासता के कारण हमारी वैविध्य विरासत धूमिल हो गई और हम उस पर गर्व करना ही भूलते गए। आजादी के अमृत काल का तीसरा प्रण हमारा गौरवशाली विरासत है। इसी विरासत के कारण भारत आक्रमणकारियों एवं आक्रांताओं का केंद्र बिंदु रहा था। देश की एकता एवं संपन्नता का आधार हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है। ये विरासत ही भारत के स्वर्णिम काल के याद दिलाते हैं तथा भारतीय होने का गर्व से गौरवान्वित कराते हैं। जब हम अपनी धरती से जुड़ेंगे तभी हम ऊंची उड़ान भरेंगे। संयुक्त परिवार की परंपरा हमारी विरासत का अभिन्न हिस्सा है। पर्यावरण की सुरक्षा हमारी विरासत में अंतर्निहित है।

राष्ट्रीयता की भावना तथा राष्ट्रीय एकता ही देश की असली ताकत है। जब तक प्रत्येक देशवासी देश की एकता के लिए परस्पर मिलजुल कर आपसी समन्वय के साथ नहीं रहेंगे तब तक हमारा देश परम शक्तिशाली राष्ट्र नहीं बन सकता।

एकता और अखंडता देश के आजादी के अमृत काल का चौथा प्रण है। विविधता का जश्न मनाते हुए लैंगिक समानता, भारत पहले, श्रमिकों का सम्मान इसी का हिस्सा है। नारियों का अपमान एक बड़ी विकृति है जिससे मुक्ति का मार्ग खोजना होगा। परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, अनुकूल हो या प्रतिकूल, देश की आंतरिक एकता हर हाल में बनी रहनी चाहिए। ताकि लाख प्रयास के बाद भी भारत को खंडित नहीं किया जा सके। आजादी पर्व मनाने का हेतू भी यही है। अब हम पुरानी गुलामी के इतिहास को दोहराने का अवसर न आने दें, यानी देश की एकता और अखंडता पर किसी भी प्रकार की नजर न लगे तथा हम सभी इसे अक्षुण्ण बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते रहें।

वास्तव में देश की वर्तमान जनसंख्या के कर्तव्यों एवं विचारों के प्रतिफल ही भविष्य के लिए इतिहास गढ़ने का अवसर पैदा करेंगे। आजादी के अमृत काल की पहली प्रभात के स्वर्णिम अवसर की पांचवी प्रण नागरिकों का स्वयं के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वाह है। नागरिकों का कर्तव्य प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। यह मूल जीवन शक्ति है।

यह सच है कि बड़े सपनों के लिए संकल्प भी बड़ा ही करना पड़ता है और उस संकल्प को पूरा करने के लिए बड़े पुरुषार्थ करने की आवश्यकता पड़ती है। भारत में बहुत सारी भाषाएं हैं। कभी-कभी हमारी प्रतिभाएं भाषा के बंधनों में बंध जाती हैं, ये गुलामी की मानसिकता का परिणाम है। हमें हमारे देश की हर भाषा पर गर्व होना चाहिए।


आगामी 25 वर्ष भारत के आजादी के दीवानों के संकल्पों को पूरा करने के लिए स्वर्णिम अवसर के रूप में दिखाई देता है। जब देश की युवा आबादी संगठित शक्ति का केंद्र बन जाए तो 2047 तक अपना भारत अवश्य ही विकसित भारत बन सकेगा। वर्तमान पीढ़ी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना गुलामी से आजादी के लिए संघर्ष के वक्त की पीढ़ी थी। आज स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर बलिदानियों की तरह हमें भी देश को पूर्ण विकसित एवं आत्मनिर्भर शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अपना तन-मन, जीवन का सर्वस्व समर्पण करने का भाव रखना होगा। सौभाग्य का विषय है कि आजादी के दीवानों के शेष रह गए सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी के कंधों पर है। और हम सब अपने आंखों के सामने इसे साकार होते देख सकेंगे।

अपना भारत केवल समस्या पर नहीं अपितु उसके उचित समाधान के लिए विमर्श करने वाला देश है। और आज पूरा विश्व भारत की धरती से ही समस्या का समाधान खोजना शुरू कर दिया है। विश्व की सोच में यह परिवर्तन आजाद भारत के स्वर्णिम 75 साल की यात्रा का परिणाम है। सचमुच आजादी का अमृत महोत्सव अपने आप में ऐतिहासिक अवसर है जो नये भारत के निर्माण के लिए एक नयी राह, एक नये संकल्प और नये सामर्थ्य के साथ दुनिया के साथ न केवल कदम मिलाकर चलने अपितु एक कदम आगे चलने का हौसला व जोश पैदा करता है जिससे भारत अपनी प्राचीन गौरव को पुनर्स्थापित कर सके।

**(लेखक सरला बिरला विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)**

# योगदा सत्संग सोसाइटी मना रहा योगेश्वर श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**जन्माष्टमी पर विशेष**



Yogeshvara Bhagavan Krishna



Sri Sri Paramahansa Yogananda

भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रतीक, जन्माष्टमी का पावन दिवस उनके भक्तों के द्वारा संपूर्ण विश्व में अनेक प्रकार से मनाया जाता है। यद्यपि सामान्यतया श्रीकृष्ण की उपासना दिव्य प्रेम के अवतार के रूप में की जाती है, तथापि अनेक भक्तों के हृदयों में योगेश्वर के रूप में उनका विशेष स्थान है, क्योंकि उन्होंने अर्जुन को योग, भक्ति और वेदांत के परम सत्यों की शिक्षा प्रदान की थी। श्रीकृष्ण अर्जुन से एक आदर्श योगी (योग ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों का अभ्यास करने वाले साधक) बनने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहते हैं, योगी को शरीर पर नियंत्रण करने वाले तपस्वियों, ज्ञान के पथ पर चलने वालों से भी अथवा कर्म के पथ पर चलने वालों से भी श्रेष्ठ माना गया है; हे अर्जुन, तुम योगी बनो! (श्रीमद्भगवद गीता, अध्याय 6, श्लोक 46)। जन्माष्टमी का पर्व हमें इन महान अवतार के साथ अपने मन और हृदय को समस्वर करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। प्रत्येक वर्ष इस अवसर पर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) के भक्त योगेश्वर श्रीकृष्ण के सम्मान में लगभग आठ घंटे के सामूहिक विशेष दीर्घ ध्यान में भाग लेते हैं। योगी कथामृत पुस्तक के विश्व-प्रसिद्ध लेखक, योगानंदजी ने भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय धर्मग्रंथ, श्रीमद्भगवद गीता, पर अपनी अद्वितीय व्याख्या, ईश्वर-अर्जुन संवाद, में अत्यंत गहनता और स्पष्टता के साथ भगवान श्रीकृष्ण के संदेश की व्याख्या की है। यह भगवान श्रीकृष्ण (जो परमात्मा के प्रतीक हैं) और उनके शिष्य अर्जुन (जो एक आदर्श भक्त की आत्मा के प्रतीक हैं) के मध्य एक संवाद है, जो सभी सच्चे साधकों को शाश्वत रूप से प्रासंगिक आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करता है। योगानंदजी की शिक्षाओं का सबसे महत्वपूर्ण अंग है ध्यान प्रविधियों की एक व्यापक प्रणाली : ध्यान का क्रियायोग विज्ञान। आत्मा का यह प्राचीन विज्ञान उच्चतर आध्यात्मिक चेतना और दिव्य साक्षात्कार के आंतरिक आनंद को जाग्रत करने के लिए शक्तिशाली पद्धतियां प्रदान करता है। योगानंदजी कहते हैं, श्रीमद्भगवद गीता में चौथे अध्याय के 29वें श्लोक में तथा पांचवें अध्याय के 27वें और 28वें श्लोकों में वर्णित तथा श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को सिखायी गयी क्रियायोग प्रविधि योग ध्यान का सर्वोच्च आध्यात्मिक विज्ञान है। भौतिकतावादी युगों के दौरान लुप्त हो गये इस अविनाशी योग को आधुनिक युग के मनुष्य के लिए महावतार बाबाजी ने पुनर्जीवित किया और वाइएसएस/एसआरएफ के महान गुरुओं ने इसकी शिक्षा प्रदान की। जीवन जीने का आदर्श ढंग क्या है? भगवान श्रीकृष्ण, न केवल आधुनिक युग के लिए, अपितु प्रत्येक युग के लिए एक संपूर्ण उत्तर देते हैं : कर्त्तव्यपरायण कार्य का, अनासक्ति का, और ईश-साक्षात्कार के लिए ध्यान का योग। योगानंदजी श्रीमद्भगवद गीता की अपनी व्याख्या के परिचय में बताते हैं कि यह नियंत्रित, मध्यम, और स्वर्णिम मार्ग संसार के व्यस्त मनुष्यों और उच्चतम आध्यात्मिक साधकों, दोनों के लिए आदर्श है।

वाइएसएस/एसआरएफ अध्यक्ष, स्वामी चिदानंद गिरि ने जन्माष्टमी के अवसर पर वाइएसएस भक्तों को प्रेषित एक संदेश में कहा, श्रीमद्भगवद गीता हमें आश्वासन प्रदान करती है कि जिस प्रकार से श्रीकृष्ण के माध्यम से अभिव्यक्त अनंत प्रभु ने आध्यात्मिक और सांसारिक विजय प्राप्त करने में अपने शिष्य अर्जुन का मार्गदर्शन किया, उसी प्रकार हमारे कुरुक्षेत्र के दैनिक युद्ध में वे हमारा भी मार्गदर्शन करेंगे, जब तक कि हम भी ईश-चैतन्य के रूप में दिव्य गुणों की अभिव्यक्ति और अपनी आत्मा की गहराइयों में छिपी क्षमताओं को प्राप्त नहीं कर लेते। जिस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन की सहायता की, उसी प्रकार वे आत्मा और अहंकार के मध्य आंतरिक कुरुक्षेत्र युद्ध में हम सबकी सहायता कर सकते हैं। उनके द्वारा श्रीमद्भगवद गीता के माध्यम से प्रदान किया गया कालातीत ज्ञान यह है कि गहन ध्यान के माध्यम से ईश-संपर्क करना और ईश्वर को समर्पित करते हुए अपने सभी कार्यों को संपादित करना ही आत्मा की मुक्ति को प्राप्त करने का महानतम उपाय है।

इस जन्माष्टमी के अवसर पर आइए हम योगानंदजी की श्रीमद्भगवद गीता की व्याख्या से उद्धृत इस परामर्श का अनुसरण करने का दृढ़संकल्प करें: कोई भी भक्त, जो आदर्श शिष्य के प्रतीक अर्जुन का अनुकरण करेगा और अनासक्ति के साथ अपने यथोचित कर्त्तव्यों को करेगा तथा क्रियायोग जैसी किसी प्रविधि के माध्यम से अपने ध्यान के अभ्यास में दक्ष होगा, वह उसी प्रकार ईश्वर के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को आकर्षित करेगा और आत्म साक्षात्कार की विजय प्राप्त करेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# बैंक ऑफ इंडिया मानगो शाखा से चार लुटेरों ने लूट लिये 35 लाख रुपये

**हथियारबंद लुटेरों ने पहले ग्राहकों के मोबाइल जमा करवाये।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बैंक ऑफ इंडिया की मानगो शाखा में चार लुटेरे लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। बताया जा रहा है कि लूट के बाद अपराधी बैंक के बाहर से शटर गिराकर फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

बैंक में मौजूद ग्राहकों के अनुसार चार की संख्या में आये अपराधियों ने उनसे उनका मोबाइल जमा करवा लिया। सभी के हाथों में हथियार थे। उसके बाद सभी काउंटर के अंदर घुस गये। थोड़ी देर के बाद चारों एक झोला लेकर हथियार लहराते हुए बाहर निकलकर शटर को बाहर से बंद कर दिये। फिलहाल पुलिस सभी बैंक में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों व घटना में ग्राहकों से पूछताछ कर रही है।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि चार से पांच की संख्या में हथियार के बल पर अपराधियों ने मानगो बैंक ऑफ इंडिया में लूट की घटना को अंजाम दिया है। जांच के दौरान जानकारी मिली लगभग 30 से 35 लाख की लूट होने का अनुमान है। बैंक में मौजूद सभी ग्राहकों का मोबाइल जमा कराकर घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है। बहुत जल्द घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जमशेदपुर में कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सतर्कता के आदेश दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी किये गये तैनात

**थानावार कुल 19 दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्त की गयी है : एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में कृष्ण जन्माष्टमी और त्योहार को लेकर सतर्कता जारी कर दी गयी है। जमशेदपुर के एसडीओ (अनुमंडल पदाधिकारी) धालभूम संदीप कुमार मीणा द्वारा धालभूम अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा त्योहार, 2022 के अवसर पर पूरे एरिया को प्रशासनिक निगरानी, शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। थानावार कुल 19 दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्त की गई है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थान में एवं थाना सुरक्षित-सह-गश्ती दल एवं स्टेटिक दण्डाधिकारी के रूप में 19 अगस्त को सुबह 9 बजे से पूजा और त्योहार सम्पन्न होने तक के लिए प्रतिनियुक्ति किया जाता है। प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने संबंधित थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों का लगातार भ्रमण करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इस अवसर पर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। कोरोना के नियमों को लागू रखते हुए पर्व कैसे मनाना है, इसको भी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सरकार द्वारा कोविड-19 संक्रमण की रोथाम एवं बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन कराना सुनिचित करने को कहा गया है।

# बारीगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी का गठन, राजकुमार सिंह मुख्य संरक्षक और दुबराज नाग बने अध्यक्ष



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बारीगोड़ा दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक कर नयी कमेटी का चयन किया गया। जिसमें पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह को मुख्य संरक्षक, झामुमो नेता सह समाजसेवी दुबराज नाग को कमेटी के अध्यक्ष, नितेश सिंह को महामंत्री और आनंद चौधरी और सुनील को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। पंडाल की लागत 8 लाख के करीब होगी और विद्युत सज्जा आकर्षण का केंद्र रहेगा। कुल 12 लाख के लागत से भव्य पंडाल का निर्माण होगा। भूमि पूजन 21 अगस्त को की जाएगी। बैठक में समाजसेवी अंबुज ठाकुर, अमरनाथ चौबे, प्रवीण सिंह, विनय सिंह, अम्रेश सिंह, अभिमन्यु गोसाईं, पंकज दास, शिवाजी प्रसाद, अनिल पांडे, बिनोद गिरी, सुजीत कुमार, प्रकाश सिंह, अमित ओझा आदि लोग मौजूद थे।

# जुस्को यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय पहुंचे डीएलसी आफिस, चुनाव तक वैकल्पिक व्यवस्था देने की मांग की



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई जुस्को के श्रमिक यूनियन का चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर गुरुवार को यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय के नेतृत्व में श्रमिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप श्रमायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण समय पर चुनाव नहीं कराया जा सका था। उसके बाद विरोध के बाद डीएलसी ने चुनाव पर रोक लगा दी है। उन्होंने बताया कि चुनाव नहीं होने के कारण कर्मचारियों का ग्रेड रिवीजन, एलटीसी, व्हेकिल अलाउंस प्रभावित हो रहा है, जिससे कर्मचारियों के अंदर नाराजगी है। उन्होंने डीएलसी से वैकल्पिक व्यवस्था देते हुए चुनाव कराने की मांग की है।

# टाटा स्टील के एलडी 3 टीएससीआर विभाग जेडीसी ने गांव के बच्चों के बीच बांटी पठन-पाठन सामग्री



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील के जमशेदपुर प्लांट के एलडी 3 टीएससीआर विभाग के जेडीसी टीम की ओर से सीएसआर के काम किये गये हैं। इस टीम ने पोटका के बाडेडीह प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ केक काटे और बच्चों के बीच स्कूल के आइटम, खिलौने, छाते का वितरण किया। इस मौके पर टाटा स्टील एलडी 3 के चीफ रवींद्र विजय सवाई, चीफ सरोज कुमार सिंह, हेड विज्येंद्र चौधरी, पर्सनल आफिसर पारुल सिंह, श्याम कुमार पासवान, आलोक कुमार, निर्मल कुमार, जेडीसी चेयरमैन शशांक शेखर, कमेटी मेंबर नीरज नवीन कुमार, हरेराम सिंह, विकास दास, अश्विनी मिश्रा, संजीव पंडा, बंशीधर महतो, शशिकांत बेहरा, रमेश नायक, अरबन सर्विसेज से सुमन कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अलग-अलग गांव में तीन लोगों का आकस्मिक निधन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में अलग अलग गांव में तीन लोगों का आकस्मिक निधन हो गया। ग्राम सलैया निवासी पारा शिक्षक अरुण मंडल के पत्नी का आसमयिक निधन हो गया वहीं बंडासिघा निवासी ईंट व्यवसायी व समाजसेवी देवचंद नायक का निधन हो गया जिसका सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने परिजनों से मिलकर गहरी शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा को शांति कामना की।मौके पर पुर्व मुखिया बसंत साव, अर्जुन राणा, संजय साव, राजेश कसेरा, कुलदीप पांडे दामोदर साव श्यामा मोदी धनेश्वर यादव समेत कई समाजसेवी जनप्रतिनिधी तथा दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## डब्बल खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरदाग गांव स्थाई झुमरी टांड मैदान में नव युवक दल के तत्वाधान में प्रमुख सुनीता देवी के सौजन्य से डब्बल खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख सुनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि पचडा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद साव एवं जोरदाग के चारों वार्ड सदस्य उपस्थित हुए। टूनार्मेंट के उद्घाटन के दौरान सलगा बानाम पदमपुर की टीमों के बीच खेला गयो इसके पूर्व अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त होने के पश्चात मुख्य अतिथि ने फुटबाल को किक मारकर मैच का शुभारंभ किया गयो दोनों टीम निर्धारित समय सीमा पूरा होने के बाद पदमपुर ने प्लांटी से 2 – 0 से जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लियो कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख सुनीता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ियों खेल एक हार जीत खेल का हिस्सा हैं इसमें जीत एक ही टीम को होगी। मुखिया महेश प्रसाद साव ने कहा कि खेल एक मनोरंजन एवं मानसिक तनाव को कम करती है पराजित टीम विजेता टीम से प्रेरणा ले कि अगले बार हमारी भी जीत होगी।

## 40 सुरक्षा गार्ड सम्मानित

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव आर्य कर्ण फाउंडेशन के तत्वाधान में सुरक्षा गार्डों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सरोज सोनी ने किया।जबकि संचालन तुलसी राणा ने किया।समारोह में मुख्य अतिथि आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार, एमडी देवदीप महतो विशिष्ट अतिथि आरके इन्फोटेक के प्रो रूपा कुमारी द्वारा 40 सुरक्षा गार्डो को सम्मानित किया गया ।

## देश के 76 वें स्वतंत्रा दिवस समारोह को राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के साथ मनाया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना में देश के 76 वें स्वतंत्रा दिवस समारोह को राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के साथ मनाया गया। परियोजना के महाप्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव ने तिरंगा फहराया और उपस्थित कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों, सहयोगी संस्था के कर्मचारियों, एनटीपीसी की सुरक्षा में लगे जवानों को इस अवसर पर शुभकामनाएँ दीं। अपने सम्बोधन में उन्होने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने वाले शहीदों को याद किया। इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया।

# बरकट्ठा की बेटी ने जीता गोल्ड

**आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के बावजूद कुछ करने की चाहत ने रक्षा को इस मुकाम तक पहुंचाया।.**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** किसी ने ठीक ही कहा है कि प्रतिभा किसी का मुहताज नही होती है। यह सच कर दिखाया बंडासिंघा, बरकट्ठा की बेटी रक्षा गोस्वामी ने दक्षिण कोरिया में ताईक्वांडो में गोल्ड मैडल जीतकर पूरे देश का नाम रौशन किया। जानकारी हो कि बरकट्ठा के ग्राम बंडासिंगा निवासी प्रकाश गोस्वामी की बेटी रक्षा गोस्वामी ने ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो गेम दक्षिण कोरिया में गोल्ड मैडल जीतकर प्रखंड का नाम रौशन किया है। रक्षा गौस्वामी साउथ कोरिया में ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो टूनार्मेंट में गोल्ड मैडल और सिल्वर मेडल जीता है। यह जानकारी उनके पिता प्रकाश गौसवामी ने दूरभाष पर दी। उन्होंने बताया कि गरीबी व परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण हमलोग अपने गाँव छोड़कर हरियाणा पहुंचे। जहां कुछ वर्षों से रहकर जीवको पार्जन कर रहे है। आर्थिक स्थिति ठीक नही रहने के बावजूद कुछ करने की चाहत ने रक्षा को इस मुकाम तक पहुंचाया। विदेश में ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो में डंका बजाने के बाद हरियाणा सरकार के मंत्री व विधायक ने रक्षा गौसवामी का स्वागत किया। रक्षा गोस्वामी ने बताया कि मेरे इस सफलता के पिछे मेरे बड़े भाई गगन गोस्वामी का बहुत बड़ा हाथ है। इस खेल में वही हमारे कोच हैं और उनके मार्गदर्शन में ही यह प्रतियोगिता जीती। वर्तमान में गगन गोस्वामी हरियाणा में ही अपना ताइक्वांडो का कोचिंग सेंटर चलाते हैं। उनकी जीत पर गांव में खुशी की लहर है। जीत की खुशी को लेकर बधाई देनेवाले में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, मुखिया ललिता देवी, पूर्व मुखिया बसंत साव, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, पुर्व मुखिया राजकुमार नायक, अर्जुन राणा, भाजपा बरकट्ठा मण्डल के पालक कुलदीप पांडेय, राजकुमार यादव, रवि गौस्वामी, सुरेन्द्र साव, अर्जुन ठाकुर, नंदू राणा समेत कई लोग हैं।

## एनटीपीसी को प्रभावित क्षेत्रों में सुविधाएं नि:शुल्क करने को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड में कोयला खनन परियोजना एनटीपीसी के द्वारा विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में बिजली, पानी, स्वास्थय, शिक्षा व सिंचाई की नि:शुल्क व्यवस्था कराने हेतु समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू व बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने एनटीपीसी के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। मौके शाहिद उर्फ सोनू ने कहा किएनटीपीसी के द्वारा पूर्व में ही कहा गया था कि विस्थापित व प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी व शिक्षा सुविधा मुफ्त दिया जायेगा। लेकिन अभी तक इन मूलभूत सुविधाओं को नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने एनटीपीसी के साथ-साथ राज्यपाल,मुख्यमंत्री, भू रैयत मंत्री, विधायक, उपायुक्त ,पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी, बड़कागांव थाना प्रभारी को आवेदन दिए है। आगे उन्होंने कहा कि अगर एक महीने के अंदर यह सब सुविधा पूरी नहीं होगी तो युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू विस्थापितों व प्रभावी जनता को लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## अविलंब हो दोषियों की गिरफ्तारी नहीं तो होगा जोरदार आंदोलन: मिथलेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की केरेडारी इकाई ने बड़कागांव के सिरमा में युवती के साथ घटित घटना की भर्त्सना की है व उक्त घटना में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी की मांग पुलिस प्रशासन से की है केरेडारी इकाई के प्रखण्ड अध्यक्ष मिथिले पाण्डेय ने कहा की भारत एक धर्म निरपेक्ष देश है और एक समुदाय विशेष के द्वारा धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य करना घोर अपराध है विदित हो की बड़कागांव थाना क्षेत्र के सिरमा निवासी युवती सुमन कुमारी के घर में समुदाय विशेष के लोग घुसे व मारपीट किया और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने लगे व दूसरे दिन जब मामला पंचायत में पहुंचा तो वहां भी यही हरकत हुई पीड़िता सुमन कुमारी पिता स्व तुलसी साव ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर दोषियों की गिरफ़्तारी की मांग की है।

अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रखण्ड अध्यक्ष मिथलेस पाण्डेय ने कहा की अगर दोषियों की जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार नहीं करती है तो जोरदार आंदोलन होगो

## डीएवी बरकाकाना ने किया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया गया।तत्पश्चात प्राचार्या को बच्चे द्वारा बनाए गए जन्माष्टमी कार्ड एवं झुला प्रदान किया गया।कार्यक्रम के दौरान वर्ग द्वितीय के अविरल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के महत्व पर प्रकाश डाला।वर्ग पंचम के बच्चों ने सुनो गौर से की बोल पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।वर्ग तृतीय से पंचम के बच्चों ने जन्मे हैं कृष्ण कन्हैया के बोल पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया। यूकेजी के बच्चों ने छोटी-छोटी गैया गीत प्रस्तुत किया।वर्ग द्वितीय के बच्चों ने रास रसैया गीत के बोल पर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। यूकेजी के उज्जवल ने गीता श्लोक प्रस्तुत किया।वर्ग षष्ठ के बच्चों ने अच्च्युतम केशवम् गीत प्रस्तुत किया।एलकेजी से वर्ग द्वितीय तक के बच्चों ने राधा कृष्ण की मनमोहक छवि प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंत में वर्ग सप्तम के बच्चों ने हांडी फोड़ने की प्रतियोगिता में भाग लेकर जनमानस को जन्माष्टिम से जोड़कर भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर बच्चों का उत्साह देखने योग्य था।कार्यक्रम में उपस्थित डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि पर्व त्योहार हमें जोड़ने का काम करते है,त्योहार हमे हममें उत्साह का संचार करने के साथ-साथ मानव मूल्यों की स्थापना करते हैं।

## वित्त समिति की 106 वीं बैठक संपन्न



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में गुरुवार को वित्त समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने की। पिछली बैठक में लिए गए निर्णय की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई। इसके साथ ही पूर्व के बैठक में किए गए अनुशंसा को क्रियान्वित किए जाने संबंधित प्रगति पर भी विमर्श किया गया। क्रय से संबंधित प्रक्रिया पर चर्चा की गई। संबंधित प्रस्ताव पर जेएम और स्थानीय बाजार से तुलना करते हुए न्यूनतम दर को स्वीकृत करने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा नेट की तैयारी और शोध को बढ़ावा दिए जाने के बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में वित्त परामर्शी सुनील कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ बीके गुप्ता, वित्त पदाधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, डॉक्टर राजूराम, डॉ कन्हैया राय, डॉ रणविजय सिंह देव, संजय श्रीवास्तव, अवधेश पासवान और राजेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## डॉ कन्हैया राय बने प्रभारी प्राचार्य



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मॉडल कॉलेज बिरनी के प्रभारी प्राचार्य के पद पर डॉ कन्हैया प्रसाद राय की नियुक्ति की गई है। इस आशय की अधिसूचना गुरुवार की शाम विनोबा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा जारी कर दी गई है। डॉक्टर राय आदर्श कॉलेज में अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष हैं तथा कई प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस अतिरिक्त दायित्व का निर्वहन करते हुए आदर्श कॉलेज में अपने पद पर सेवा देते रहेंगे।

गारू एवं लातेहार वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुनेश्वर सिंह
मुखिया, पंचायत - कारवाई प्रखंड - गारू , जिला - लातेहार


शम्भू राम
अंचलाधिकारी,प्रखंड - गारू, जिला - लातेहार, झारखण्ड


अनीश कुमार
प्रधानाचार्य, उत्कर्मित +2 उच्च विद्यालय,प्रखंड - सरयू, जिला - लातेहार


सुखिया नगेसिया
प्राधनाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, चोरहा, प्रखंड गारू,जिला लातेहार


अजय टोप्पो
मुखिया,, पंचायत - रुद,प्रखंड - गारू,जिला -लातेहार,झारखण्ड


सत्येंद्र कुमार सिंह
पंचायत सेवक, पंचायत - करवाई,प्रखंड - गारू, जिला - लातेहार,झारखण्ड


पासकल वृजिया
प्रधानाचार्य,, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय,लाई,प्रखंड - गारू,जिला लातेहार, झारखण्ड


श्याम सुन्दर
प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय,बंदुआ, प्रखंड -गारु, जिला -लातेहार


राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिवार, पुरनी डबरी, पंचायत - चोरहा ,प्रखंड - सरजू , जिला - लातेहार, झारखण्ड


शिवराज सिंह
प्रधानाचार्य, राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कारीटोला, प्रखंड - सरयू, जिला - लातेहार, झारखण्ड


राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिवार, पंडरा,प्रखंड - गारु,जिला -लातेहार, झारखण्ड


सुरेंद्र उरांव
प्रधानाचार्य,, राजकीय उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय,सीमाखास, प्रखंड - गारु,जिला - लातेहार, झारखण्ड


पतरस नगेसिया
प्रधानाचार्य, राजकीय मध्य विद्यालय, साल्वे, प्रखंड - गारु, जिला -लातेहार


शिवकुमार सिंह
प्रधानाचार्य, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, कुई, पंचायत - करवाई,प्रखंड -गारु,जिला -लातेहार,झारखण्ड


राधेश्याम यादव
प्रधानाचार्य,राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हडूगड़ा, पंचायत - मायापुर, प्रखंड - गारु,जिला -लातेहार,झारखण्ड


महेश मुंडा
पंचायत सेवक, पंचायत - मायापुर,प्रखंड -गारु,जिला - लातेहार (झारखण्ड )


बनारसी सिंह
प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, हुरदाग, प्रखंड -गारु, जिला -लातेहार, झारखण्ड


मधुसूदन प्रसाद
प्रधानाचार्य, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय,नईकी डबरी, प्रखंड -सरयू , जिला - लातेहार,झारखण्ड


बंधनसाय नगेसिया
प्रधानाचार्य, राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय,,हुरहूरकरवा, पंचायत - रुद, प्रखंड -गारु,जिला - लातेहार, झारखण्ड


प्रकाश नगेसिया
प्रधानाचार्य,राजकीय प्राथमिक विद्यालय,सोनवार, प्रखंड - सरजू,जिला -लातेहार, झारखण्ड


निजामुद्दीन अंसारी
समाजसेवी, पंचायत - कोटाम,प्रखंड -गारु,जिला - लातेहार,झारखण्ड


प्रसाद बैठा
अध्यापक, राजकीय मध्य विद्यालय कोटाम, पंचायत - कोटाम, प्रखंड - गारु,जिला - लातेहार, झारखण्ड

## मुखिया पति पर हुआ जानलेवा हमला

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घुटुवा पंचायत के मुखिया मनीता देवी के पति गुल्टन सिंह (35) पर अज्ञात अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार गुल्टन घुटवा पंचायत के बऊलिया गांव से अपने घर सेरनदाग लौट रहे थे। तभी सुनसान पाकर बाइक सवार अपराधियों ने पीछा कर चाकू से उनके गर्दन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वो अचेत होकर गिर पड़े। अपराधियों ने उन्हें मरा समझकर झाड़ी में फेंक कर चलते बने। वहीं, होश में आने पर गुल्टन किसी तरह अपने घर सेरनदाग पहुंचा और पत्नी को आपबीती बताई। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें नवजीवन अस्पताल तुम बागड़ा में भर्ती कराया गया। साथ ही सतबरवा और लेस्लीगंज पुलिस को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, गुल्टन की पत्नी मुखिया मनिता देवी ने बताया कि पति दो लोग को पहचान लिया हैं। पर बोल नहीं पा रहे हैं।

### पुलिस ने दुर्घटना के लिए जिम्मेदार बस को जब्त किया, लोगों को समझा बुझा कर जाम हटवाया

# बस के धक्के से साइकिल सवार की मौत सड़क जाम कर नाराज लोगों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज से सटे सीमावर्ती संडा के समीप गुरुवार को तेज रफ्तार यात्री बस के धक्के से साइकिल सवार अधेड़ व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रामप्रवेश प्रसाद बारी (52) के रूप में हुई है। वह संडा पंचायत के किसनपुर गांव का रहने वाला था। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रांची से सासाराम जाने वाली महाराणा यात्री बस ने हरिहरगंज से अपने घर जा रहे राम प्रवेश को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। बतातें चलें कि 15 दिन पहले ही मृतक के 25 वर्षीय बेटे की बिमारी से मौत होने से परिवार के सदस्य अभी तक सदमें में हैं। दूसरी ओर, घटना के बाद बस लेकर चालक घटना स्थल से थोड़ी दूर जाने के बाद वाहन खड़ी कर भाग निकला। बाद में अंबा व कुटुंबा थाना की पुलिस ने स्थल पहुंचकर विधि व्यवस्था की जानकारी की। जबकि आक्रोशित लोगों ने आश्रित परिवारों को तत्काल 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर एनएच 139 मार्ग को जाम कर दिया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुटुंबा थाना प्रभारी बलवंत सिंह और अंबा थाना के थाना प्रभारी रमेश कुमार सिंह ने नियमानुसार मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया और प्रदर्शनकारियों को सड़क जाम हटाने की अपील की। लेकिन प्रदर्शनकारी औरंगाबाद एसपी को घटना स्थल पर बुलाने पर डटे रहे। गुस्साये ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस संबंध में अंबा थाना प्रभारी रमेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना से संबंधित महाराणा यात्री बस बीआर 24 पीए/5455 को जब्त कर अंबा थाना ले जाया गया है। दूसरी ओर, घटना की खबर सुनकर संडा पंचायत के मुखिया गुलाम सरवर समेत कई नेता और प्रबुद्ध लोग मौके पर पहुंच कर दुख जताया और मृतक के आश्रितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। आक्रोशित ग्रामीणों ने छत विछत शव को सड़क पर रख कर करीब तीन घंटो तक जाम रखा। हालांकि बाद में प्रशासन और जन प्रतिनिधियों के प्रयास से मुआवजे के आश्वासन के बाद जाम को हटवाया गया।



सड़क पर शव रख कर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नवाडीह स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर जिप सदस्य ने रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने कजरात नवाडीह स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कजरात नवाडीह स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की मांग की है। ज्ञापन में जिप सदस्य ने बताया है कि पूर्व में वाराणसी-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव कजरात नवाडीह स्टेशन पर होता था लेकिन कोरोना काल में ट्रेन बंद होने के बाद पुनः परिचालन में अब ठहराव बंद हो गया है।जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को अपने जिला मुख्यालय या राजधानी रांची के कार्य हेतु शिक्षा,चिकित्सा तथा कई प्रकार के अन्य कार्यों में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए उक्त ट्रेन को पूर्व की तरह नवाडीह स्टेशन पर ठहराव किया जाए। साथ ही उन्होंने यात्रीयो के समस्या को देखते हुए सासाराम -रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कजरात नवाडीह स्टेशन पर करने की मांग की है।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रामराज मेहता, सतेंद्र मेहता, विगन प्रजापति, पंकज मेहता, अशोक सिंह, परशुराम मेहता ,अजीत कुमार, मनोज पासवान ,सतेंद्र सिंह, इरसाद आलम, जादू पासवान, झोला पासवान , ठाकुर ,अनिल पासवान, चंदेश्वर मेहता, अनवर अंसारी, सतेंद्र चंद्रवंशी, रीता देवी, रामदेव मेहता आदि थे।

### सनातन सेना ने किया समाजसेवी अनिल को सम्मानित



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। धार्मिक व सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहने के लिए सनातन सेना ने समाजसेवी अनिल साहू को सम्मानित किया। सनातन सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने कहा कि समाजसेवी अनिल साहू द्वारा लगातार धार्मिक व सामाजिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साहू द्वारा विमला पांडेय ज्ञान निकेतन की 12 वीं टापर छात्रा अंजली पांडेय व 10 वीं के टापर अभिषेक लाल को लैपटॉप से सम्मानित करने का सराहनीय कार्य किए हैं वहीं पलामू में कई मंदिरों व धार्मिक कार्य में लगातार सहयोग कर रहे हैं ऐसे में समाज का भी दायित्व बनता है कि ऐसे शख्स को सम्मानित करे। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव बबलू गुप्ता भी मौजूद थे। उन्होंने सनातन सेना के धार्मिक कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अनिल साहू जैसे शख्स को सम्मानित करना इनके हौसला को बढाने जैसा है जिससे इनमें सामाजिक कार्य करने का जज्बा बढ़ेगा।

## 24 घंटे से लापता वृद्ध का खेत में मिला शव, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के हासनदाग यूरिया नदि श्मशान घाट के पास गुरुवार की सुबह 24 घंटे से लापता नाथन चौधरी (70) का शव खेत से बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। परिजन के अनुसार मृतक बुधवार की सुबह घर से निकले थे। देर रात तक घर वापस नहीं आने पर खोजबीन शुरू की गई। पर कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार की सुबह फसल लगे खेत में उनका शव पाया गया। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त करने पर पुलिस ने गहनता से जांच करने का आश्वासन देने के बाद, शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## विधायक ने किया पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जासा गांव में लौंगा नदी पर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 2.85 करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जाना है। पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने किया। विधायक ने कहा कि जासा गांव में लौंगा नदी पर पुल की कितनी आवश्यकता थी, हमसे बेहतर यहां के लोग समझ सकते हैं। पहले नरही पंचायत दो भाग में बंटा हुआ था। पर अब पुल बन जाने से एक हो जाएगा। लौंगा नदी पर पुल की आप सबों की चीर-प्रतीक्षित मांग आज पूरा हुआ।पुल बन जाने से पंचायत सचिवालय जाने के लिए अब मर्चवार, सलसलादी, सिंहपुर आदि गांव के लोगों को छह किलोमीटर की दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सभई मोर्चो पर विफल है। किसान आकाल की चपेट में है और राज्य सरकार कुम्भकर्णी निंद्रा में है। उन्होंने कहा कि आपके सहयोग व आशीर्वाद से आज आपका मांग पूरा किया। वही उन्होंने नगर गढ़ परिवार का नाम लिए बगैर कहा कि इस परिवार से सर्वाधिक 6 बार लोग विधायक बने। पर अपने घर के अगल-बगल के गांव में बिजली नहीं पहुंचा सके, पुल-पुलिया व कालीकरण सड़क नहीं बनवा सके। साढ़े 12 वर्षों के अपने विधायकी काल में हमने हर क्षेत्र का विकास करने का काम किया है। समारोह की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय व धन्यवाद ज्ञापन राजा पांडेय ने किया। समारोह को भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, दिनेश पांडेय, मुखिया मनोज ठाकुर, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, पंसस चिंतामणि देवी, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, विक्रांत सिंह, लाला पासवान, संजय कास्यकर, अनुपम चतुर्वेदी, वीरेंद्र सिंह, सोबरन चंद्रवंशी, मुखदेव सिंह, धनंजय तिवारी, विवेका पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, शैलेंद्र शुक्ला, सरयू राम, रिंकू देव बब्लू पटवा, कामेश्वर पांडेय और कार्यक्रम संचालन लक्षमण राम आदि थे।

## 18 जिलों का सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं करने पर होगा आंदोलनः केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** परिसदन भवन में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने सुखाड़ की हालात को देखते हुए गुरुवार को प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि सुखाड़ के लिए नियमानुसार 33 फीसदी से कम वर्षा वाले क्षेत्र को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया जाता है। झारखण्ड के कई जिलो में पानी बारिश नहीं हुई है। कई जगह तो धान की रोपनी भी नहीं हुई है। जब धान का बीज बूढ़ा हो गया तब थोड़ी बारिश हुई है। मकई, दलहन, समेत कई फसल पूरी तरह खेतों में सुख गई है। जब हम मंत्री थे तो हमारी रिपोर्ट के आधार पर कई जिलों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया था। लेकिन दो महीनों से सुखाड़ होने के वावजूद भी 18 जिलों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार जल्द से जल्द इन जिलों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे। पानी और पंप की व्यवस्था करे, ताकि सूख रही फसलों को बचाया जा सके। दो महीनों से केंद्र सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाना चिंतनीय विषय है। सरकार सुखाड़ राहत कोष को लागू करे और जो भी फसलें बर्बाद हो रही है उसे बचाने की व्यवस्था करे। अगर सरकार 18 जिलों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं करती है तो व्यापक जन आंदोलन होगा।

## हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर की गयी कोरोना जांच, संक्रमित मिले दो यात्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदरनगर/पलामू।** बीडी रेल सेक्सन के हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर सवारी ट्रेनों के समयों में रेलयात्रियों की कोविड जांच तेज कर दी गई है। गुरुवार को हुई 36 यात्रियों की जांच में दो यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए। उन्हें दवा देकर घर पर रहने की सलाह दी गई है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि बुधवार को भी दो यात्री संक्रामित मिले थे। उन्होंने बताया कि सभी संक्रमितो को दवा उपलब्ध करा कर घर पर रहने की सलाह दी गई है। राज्य में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जांच कार्य तेज किये गये हैं। उन्होंने ट्रेनों से आने जाने वाले यात्रियों को खुद व अन्य यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोविड जांच के बाद ही यात्रा शुरू करने की सलाह दी है। जांच कार्य में शामिल स्वास्थ्यकर्मी प्रमोद कुमर सिंह व सिपाही राम ने बताया कि गुरुवार को कुल 36 यात्रियों की जांच की गई है। उन्होंने यात्रियों को मास्क का प्रयोग और अन्य सावधानियों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

## यह आजादी सामूहिक एकता का परिणाम : अशफाक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** माली मुहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला कार्यालय में आजादी के 75वीं वर्षगाठ पर मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सदर अशफाक अहमद ने ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी। उन्होंने कहा कि आज हम भारतवासी स्वतंत्रता दिवस मना रहें हैं। काफी संघर्ष के बाद आजादी मिली है। यह आजादी सामूहिक एकता का परिणाम है। इस अवसर पर हम अपने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं एवं उनके संकल्प और आकांक्षाओं को पूरा करने का शपथ लेते हैं। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से उन्होंने उन वीर शहीदों को भी याद किया। कहा कि सचमुच यह भारत के लिए यह गर्व का क्षण है। शायर नसीम रेयाजी ने राष्ट्रगीत गाया। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रामनाथ चन्द्रवंशी, डॉ आलोक गुप्ता, डॉ जुबेर अहमद, डॉ संजय कुमार, असगर हुसैन, शायर शमीम रिजवी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने किया । इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कलाम आजाद, सरपरस्त जियाउद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष सेराज अंसारी, हाजी नूर अजीजी, हाजी शफी अहमद, हाजी इबरार असदकी, रवायत हुसैन, हाजी मोबिन अली, हाजी उमर अंसारी, इंजीनीयर सलाहुद्दीन,सुरखाब अली, अख्तर हुसैन, राशिद बखशि, युसूफ अली, मोहम्मद साबित आदि थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ आयोजन



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, मेदिनीनगर के प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रार्थना सभा की रौनक देखते ही बन रही थी। कक्षा प्री-नर्सरी से चतुर्थ तक के छात्र-छात्राएं कृष्ण, राधा एवं सुदामा का रूप धारण कर अपने आकर्षक वेशभूषा का प्रदर्शन कर रहे थे। कृष्ण का बाल-रूप बड़ा ही निराला था। कक्षा पांचवीं की छात्राओं ने भक्तिगीत मैया मोहे दाऊ बहुत खिझायौ और पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो गीत गाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बायरन सदन प्रथम, इलियट सदन द्वितीय, कीट्स सदन तथा शेक्सपीयर सदन संयुक्त रुप से तृतीय स्थान पर रहे।प्राचार्य डॉ एके सिंह ने छात्रों को जन्माष्टमी एवं विजित सदन को शुभकामना देते हुए कहा कि जिस प्रकार राक्षसों का वध करने के लिए त्रेतायुग में श्रीराम ने जन्म लिया था। उसी प्रकार द्वापर युग में अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की स्थापना करने के लिए श्री कृष्ण ने इस धरती पर जन्म लिया था। जिस प्रकार श्री कृष्ण ने गीता में कर्म करने का उपदेश दिया उसी प्रकार हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार कर्म करते रहना चाहिए। हमें सदा अच्छे कर्म ही करने चाहिए। इस मौके पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जपला आरपीएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।नन्हे छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र - छात्राएं श्री कृष्ण एवं श्री राधा के परिधान मे बड़े ही मनमोहक दिख रहे थे ।कार्यक्रम का अंत श्री कृष्ण के द्वारा मटकी फोड़ के साथ हवा कार्यक्रम मे ड्डाग लेकर सड्डी बच्चे प्रसन्न एवं प्रफुल्लित थे। प्राचार्य मनुज शर्मा ने श्री कृष्ण के बाल लीलाओं के बारे मे सभी को अवगत कराया।

## युवती की संदिग्ध मौत के बाद परिजनों ने डीसी-एसपी से लगायी न्याय की गुहार



गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल थाना क्षेत्र अंतर्गत अटौला गांव में बीते 24 जुलाई को राजेश राम की बेटी चांदनी कुमारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। घटना के बाद संदेह के आधार पर मृतिका के पिता राजेश राम मां मंजू देवी ने मेराल थाने में लिखित आवेदन में आरोपियों के नाम प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पर घटना के 25 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के प्रति पुलिस की कार्रवाई नहीं करने से हताश राजेश राम ने पुलिस अधीक्षक अंजनी झा एवं गढ़वा डीसी रमेश घोलप को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। राजेश ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को आरोपित व्यक्ति के विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र के अंतर्गत दर्ज किया गया कांड के बाद उक्त आरोपित उन लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। राजेश राम ने बताया कि आरोपित आनंद कुमार चंद्रवंशी करीब 2 वर्षों से चांदनी से प्रेम करता था और उसके माता-पिता सुनील कुमार चंद्रवंशी सुषमा देवी द्वारा चांदनी कुमारी को साजिश के तहत 24 जुलाई को बहला-फुसलाकर शादी करने के लिए ले गए और उसकी हत्या कर फेंक दिया गया।

## स्पोर्ट्स



टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को एक तरफा मुकाबले में 10 विकेट से हरा कर बढ़त हासिल कर ली। शिखर धवन 81 और शुभमन गिल ने शानदार 82 रनों की पारी खेली। अगला मुकाबला 20 अगस्त को होगा।

### धवन और शुभमन गिल की शानदार फिफ्टी, दूसरा मुकाबला 20 अगस्त को होगा

# टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया,दीपक व कृष्णा को मिले 3-3 विकेट

एजेंसी



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को एकतरफा अंदाज में 10 विकेट से हरा दिया। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को 40.3 ओवर में 189 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया। दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा और अक्षर पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके बाद ओपनर्स शिखर धवन (81) और शुभमन गिल (82) के अर्धशतकों के दम पर 30.5 ओवर में बिना विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया। दोनों टीमों के बीच अब दूसरा मुकाबला 20 अगस्त को खेला जाएगा। वहीं, शिखर धवन ने वनडे करियर की 38वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने अपनी पारी में 113 गेंदों का सामना किया और 9 चौके जमाए। जबकि शुभमन गिल ने वनडे करियर की तीसरी फिफ्टी जमाई। उन्होंने 72 गेंदों का सामना करते हुए 10 चौके और एक छक्का जमाया।

### अक्षर, दीपक और प्रसिद्ध के सामने जिम्बाब्वे ढेर

भारत के लिए प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर और अक्षर पटेल ने 3-3 विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद सिराज को एक विकेट मिला। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान रेजिस चकाब्वा ने बनाए। उन्होंने 35 रनों की पारी खेली। वहीं, ब्रैड एवंस और रिचर्ड नगरावा ने भी जिम्बाब्वे के लिए अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 9वें विकेट के लिए 65 गेंद में 70 रन जोड़े। सातवें ओवर की चौथी गेंद पर इनोसेंट काइया को दीपक चाहर ने विकेटकीपर संजू सैमसन के हाथों कैच कराया। इसके बाद उन्होंने नौवें ओवर की पहली गेंद पर तड़िवानाशे मारुमनी को भी कॉट बिहाइंड करा दिया। मोहम्मद सिराज ने शॉन विलियम्स का विकेट लिया।

### 6 साल बाद दोनों टीमें आमने-सामने थी

थह साल बाद दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ भिड़ रही थी। इससे पहले 15 जून 2016 को दोनों टीमों के बीच मुकाबला खेला गया था। भारतीय टीम दौरे पर बिना अपने सीनियर खिलाड़ियों के गई हैं। वहीं, सीरीज शुरू होने से कुछ ही दिन पहले बड़ा बदलाव करते हुए शिखर धवन की जगह केएल राहुल को कप्तान बनाया गया है। ऐसे में इस सीरीज में युवा खिलाड़ियों को खुद को साबित करने का मौका है। शुभमन गिल ने अपनी पारी से ये दिखाया भी की युवा खिलाड़ी इस सीरीज में कमाल करने वाले हैं।

### भैया-बहनों ने उकेरी नन्हे कृष्ण की छवि

# जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व संध्या सरस्वती विद्या मंदिर शिशु खंड के कक्षा अरुण से पंचम तक के भैया बहनों के बीच रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता भैया बहनों को तीन खंड में विभक्त करके किया गया। प्रथम खंड की प्रतियोगिता कक्षा अरुण से प्रभात, द्वितीय खंड में कक्षा प्रथम तथा द्वितीय खंड में कक्षा तृतीय से पंचम तक के भैया बहनों को रखा गया था। प्रथम एवं द्वितीय ग्रुप में राधा कृष्ण वेश एवं संवाद की प्रस्तुति थी। वही द्वितीय से पंचम तक के भैया बहनों में अर्जुन बलराम मीरा एवं यशोदा की भूमिका में श्रृंगार एवं संवाद प्रस्तुति की प्रतियोगिता रखी गई थी। प्रतियोगिता में कुल 198 प्रतिभागी तथा 250 अभिभावकों की उपस्थिति रही। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा अभी भाविका जयंती देवी , नीलम देवी समिति अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। कक्षा अरुण से प्रभात तक कृष्ण रूप में में भैया प्रतीक कुमार प्रथम शौर्य सिद्धांत द्वितीय तथा अंकित दास तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम से द्वितीय में श्री कृष्ण के रूप में मन्नत सिंह प्रथम सूर्य प्रताप सिंह द्वितीय तथा कुणाल साह तृतीय स्थान पर रहे। राधा के रूप में कक्षा और उनसे प्रभात में इंद्राक्षी तिवारी प्रथम आंशिक कुमारी द्वितीय नव्या नवीन तृतीय स्थान पर रही। रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा के रूप में कक्षा प्रथम से वैभवी कुमारी प्रथम अर्पिता कुमारी द्वितीय हनी जयसवाल तृतीय स्थान पर रही। कक्षा तृतीय से पंचम तक में बलराम के रूप में सूर्यांशु राज प्रथम आदित्य कुमार द्वितीय तनिष्क राज तृतीय स्थान पर रहे वहीं कक्षा तृतीय से पंचम तक में यशोदा के रूप में काजल कुमारी साह प्रथम आराध्या कुमारी द्वितीय जया कुमारी तृतीय स्थान पर रही।



## कृतिका रानी तृतीय स्थान पर रही

कक्षा तृतीय से पंचम में मीरा के रूप में परी शर्मा प्रथम प्रेमाकुमारी द्वितीय तथा कृतिका रानी तृतीय स्थान पर रही। अर्जुन के रूप में कक्षा तृतीय से पंचम में उत्कर्ष प्रकाश प्रथम, पीयूष शर्मा द्वितीय तथा करण कुमार तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका में आचार्य अजीत कुमार झा, रविंद्र साहू एवं कमल किशोर पांडे थे कार्यक्रम का संचालन स्वप्न कुमार रॉय ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने उपस्थित अभिभावको एवं भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा महाभारत के इन चरित्रों के माध्यम से भैया बहनों का रूप श्रृंगार एवं संवाद प्रस्तुति कराते हुए उनके अंदर ऐसे व्यक्तित्व का विकास करना है जो उनके चरित्र निर्माण में सहायक सिद्ध हो जो कि विद्या भारती योजना का आधार है। अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने कहा छोटे-छोटे बच्चों के मन में राधा और कृष्ण की छवि को स्थापित करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई ताकि भविष्य में वे एक सच्चे देशभक्त नागरिक बन सकें। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# डीएवी उरीमारी में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



आजाद सिपाही संवाददाता

**उरीमारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल उरीमारी में गुरुवार को धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा टू के बच्चे कृष्णा और राधा रानी के परिधान में नजर आयें। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें मुख्य रूप से नृत्य नाटिका और कविता पाठ शामिल था। बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में खुद को चित्रित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्राचार्य उत्तम कुमार राय, सीसीएल दरभंगा हाउस रांची नमन श्रीवास्तव, एवं मारियो एक्का शामिल हुए। वहीं सीसीएल की ओर से लाल-लाडली योजना के संदर्भ में कक्षा दसवीं के बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विद्यालय का भ्रमण कर बच्चों को सीसीएल के लाल-लाडली योजना के विषय में विस्तार से बताया। मौके पर प्राचार्य उत्तम कुमार राय ने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री कृष्ण भगवान के द्वारा गीता में बताए गए रास्ते पर चलने से सारी समस्याओं का निदान पाया जा सकता है। हमें अपनी महान संस्कृति को बचाए रखना है और बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बहुत कुछ सीखने को मिलती है। जोकि आज के परिवेश में अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं पुष्पांजलि प्रधान, मंजू सिन्हा, बबीता कुमारी, नीतू कुमारी, रश्मि तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## 20 अगस्त को पदाधिकारियों की बैठक में होगा निर्णय

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी चेक पोस्ट समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में गुरुवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव संजीव बेदिया उपस्थित हुए। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि आगामी 20 अगस्त को बरका सयाल क्षेत्र के सभी पदाधिकारी बैठक कर रणनीति बनाएंगे। जिसमें एरिया के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संगठन सचिव, कोषाध्यक्ष, एवं सदस्यगण शामिल होंगे। इसमें मजदूरों से संबंधित समस्याओं का निपटारा करने के लिए निर्णय लिया जायेगा। इसके साथ - साथ विस्थापितों के हक अधिकार के लिए प्रबंधन से वार्ता की जायेगी। वहीं यूनियन के सदस्यता बढ़ाने के लिये जोर दिया गया। बैठक में जोनल संयुक्त सचिव धनंजय वर्मा, संगठन सचिव रुस्तम सोहराब, बहादुर मांझी, मोहन सोरेन, जयनारायण प्रसाद, दिनेश टुडू, राजेश कुमार सिंह,शहनवाज खान, मार्सल हांसदा, रामरतन मंडल, प्रबुद्ध सिन्हा, उपेंद्र सिन्हा, जितेंद्र सिंह, प्रवील साव, कामेश्वर मेहता, बासुदेव उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# सेक्स रैकेट मामले में संचालक समेत 14 गिरफ्तार

आजद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के चर्चित झील रेस्टूरेंट में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब तक इस मामले में झील रेस्टोरेंट के संचालक तपेश्वर साव, उसके सहयोगी प्रफुल्ल सिंह, रेस्टूरेंट मैनेजर मनीष कुमार समेत 14 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। सभी 14 लोगों के विरूद्ध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार के आवेदन पर अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत चंदवारा थाने में नामजद मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मंगलवार रात को झील रेस्टोरेंट में छापेमारी की थी, जिस में 4 युवती और 6 युवक आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए थे। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए सभी लड़के बिहार से है। सूत्रों की मानें तो, बंगाल से कॉल गर्ल्स को बुलाकर यहां सेक्स रैकेट का धंधा चलाया जा रहा था। लोगों का कहना है कि स्थानीय दलाल मोटी रकम देकर बंगाल से कॉल गर्ल्स को बिहार और झारखंड सप्लाई करते थे, जिससे देह व्यपार का धंधा चलता था। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर उक्त छापेमारी की गयी और इस धंधे का भंडाफोड़ हुआ।

# राधा-कृष्ण रूप साज-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में राधा-कृष्ण रूप साज सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का प्रारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहू व निर्णायक मंडली के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। वही आगंतुक अतिथियों का परिचय आचार्य प्रदीप कुमार के द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में कक्षा अरुण व उदय में प्रथम स्थान अर्णव कुमार, द्वितीय स्थान आरबी गौतम और तृतीय स्थान शुभम कुमार को प्राप्त हुआ। वही कक्षा प्रथम और द्वितीय से प्रथम स्थान ऋषु कुमार, द्वितीय स्थान जयेश कुमार और तृतीय स्थान अरनव कुमार को प्राप्त हुआ। कक्षा तृतीय से प्रथम स्थान सृजन पटेल,द्वितीय स्थान अंकित कुमार और तृतीय स्थान तनिष्का कुमारी को प्राप्त हुआ ।कक्षा चतुर्थ से प्रथम स्थान शिवानी सिन्हा,द्वितीय स्थान पलक कुमारी और तृतीय स्थान पंखुड़ी एकघड़ा का प्राप्त हुआ। कक्षा पंचम से प्रथम स्थान दुर्गेश वैभव, द्वितीय स्थान अनुराग कुमार और तृतीय स्थान सृष्टि श्रेया को प्राप्त हुआ। वही बाहरी भैया बहनों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान वायु राघवन शर्मा, द्वितीय स्थान शिवांश कुमार और तृतीय स्थान आशी गौतम को प्राप्त हुए। निर्णायक मंडली में सुषमा सुमन, रेणु जी के साथ कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के दीदी जी शर्मिष्ठा साहा थे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से नैतिक व धार्मिक गुणों का विकास होता है। मंच संचालन बहन अनन्या तथा मुस्कान ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मनोज कुमार सिंह ने किया। इस मौके विद्यालय के सदस्य मुंशी यादव, वरिष्ठ आचार्य प्रदीप कुमार, रामानुज पांडेय, धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज सिंह, चंद्रशेखर कुमार, उमाशंकर कुमार, अजय झा, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, सोनी कुमारी, अर्चना सिन्हा, प्रिया राज, गीतांजलि शर्मा, अनिता ठाकुर, प्रभात सौरव, प्रणव प्रभास, पवन शर्मा, विरेंद्र मिश्र, दीपक विश्वकर्मा, संजय महतो, मुन्ना सिंह, सुनील कुमार की सहभागिता रही।























































## गंभीर रूप से बीमार पूर्व सिविल सर्जन डॉ हरेन चंद्र महतो को रिम्स ले जाने से रोका



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** काराअधीक्षक की लापरवाही से गंभीर रूप से बीमार पूर्व सिविल सर्जन डॉ हरेन चंद्र महतो को रिम्स ले जाने से रोका गया। रिम्स पहुंचने के कुछ ही पहले रास्ते से ही उन्हें वापस मंडल कारा लाया गया और अदालत में पेश किया गया। मामले के अनुसार डॉ महतो की गवाही हेतु एक मुकदमे में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार दास की अदालत से सम्मन निर्गत किया गया था। उक्त आलोक में सरकारी अधिवक्ता बलराम साह ने कोर्ट को लिखित जानकारी दिया कि गवाह डॉ महतो एक मुकदमे में काराधीन हैं। उसके बाद अदालत ने काराधीन डॉ महतो को गवाही हेतु कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश निर्गत किया। कारा अधीक्षक ने अदालत को कोई जवाब नहीं दिया जिससे क्षुब्ध अदालत ने काराधीक्षक को कारण पृच्छा जारी करते हुए कहा की ससमय गवाह को क्यों नहीं पेश किया गया। कोर्ट का उक्त शोकॉज आदेश प्राप्त करते ही कारा अधीक्षक ने रिम्स रेफर किये गये गंभीर रूप से बीमार डॉ महतो को मांडर के पास से वापस लातेहार लाने का निर्देश एंबुलेंस कर्मचारियों को दिया, उसके बाद एंबुलेंस से डॉ महतो को वापस लातेहार लाया जाने लगा तभी चंदवा घाटी में उनकी स्थिति और बिगड़ गयी। आनन-फानन में उन्हें चंदवा सीएचसी में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार करने के उपरांत उन्हें पुनः रिम्स रेफर कर दिया, फिर भी कारा अधीक्षक ने उन्हें रिम्स ना भेज कर अदालत में पेश किया। श्री दास की अदालत ने डॉ महतो की स्वास्थ्य की गंभीरता को देखते हुए कारा अधीक्षक को अविलंब रिपोर्ट पेश करने को तलब किया। डॉ महतो के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से डॉ महतो के स्वास्थ में तेजी से गिरावट को देखते हुए चिकित्सकों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया था,लेकिन कारा प्रबंधन के द्वारा अदालत को सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण डॉ महतो एवं उनके परिजनों को काफी मानसिक परेशानियों के दौर से गुजरना पड़ा। एंबुलेंस को रास्ते से लौटा कर अदालत में जघन्य अपराध के अपराधियों के जैसा पेश करने पर स्थानीय बुद्धिजीवियों ने गहरा रोष प्रकट किया है। बुद्धिजीवियों का कहना है कि मानवता के आधार पर भी एक रोगी के साथ ऐसा व्यवहार कारा प्रशासन को नहीं करना चाहिए।

## छात्राओं के लिए विद्यालय में बना विशेष कक्ष



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के मध्य विद्यालय चंदवा एवं पंचायत सचिवालय चकला में महावारी स्वच्छता प्रबंधन पर लैब का निर्माण किया गया है। यूनिसेफ एवं स्थानीय मुखिया रंजीता एक्का के सहयोग से पंचायत की ड्रॉपआउट रहने वाली बच्चियां के लिए माहवारी स्वच्छता से संबंधित लैब बनाया गया। इसके पूर्व मध्य विद्यालय चंदवा में एमएचएम लैब का उद्घाटन करते यूनिसेफ की वाश पदाधिकारी डॉ लक्ष्मी रंजन सक्सेना एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री विजय कुमार ने बताया कि हर वर्ष विद्यालयों में 23% छात्रायें माहवारी के दौरान होने वाली परेशानियों एवं झिझक के कारण विद्यालय आना छोड़ देती हैं। स्कूल में घर जैसे माहौल मिले, माहवारी के समय जरूरत में आने वाली सारी चीजें विद्यालय में उपलब्ध हो, इसके लिए लैब का निर्माण किया गया है। प्रखंड प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने बताया कि सरकार के एक यूनिसेफ के द्वारा छात्राओं के हित में किए गए इस तरह के कार्य स्वागत योग्य है। वही चकला पंचायत मुख्यालय में बनाये गये एमएचएम लैब में एक बुक शेल्फ बनाई गई है, जहां माहवारी से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध कराने वाली किताबें रखी गई है। साथ ही साथ माहवारी के दौरान ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर आराम करने के लिए बेड एवं सिकाई करने के लिए हॉट बैग, गर्म पानी पीने के लिए इलेक्ट्रिकल कैटल भी लगाया गया है। स्वास्थ विभाग की टीम समय-समय पर बच्चियों को मासिक धर्म संबंधी सभी जानकारियां उपलब्ध कराई जाती है।मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा विकाश कुमार समेत कई लोग इस कार्यक्रम में भाग लिया है।

# गांव गांव में महंगाई के विरुद्ध चौपाल लगायेगी कांग्रेस: निशीथ जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** किस्को और पेशरार प्रखण्ड में महंगाई के विरुद्ध कांग्रेस के द्वारा चौपाल लगाने की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर परिचर्चा किया। गांव गांव में चौपाल के माध्यम से मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को लोगो को अवगत कराने की बात कही गई। बढ़ती महंगाई से आम जनता पर उपजे संकट से रूबरू होते हुए जनता का मन्तव्य लिया जाएगा। बाजार हाट में दुकानदार और ग्राहकों से वार्ता कर वर्ष 2014 से पहले और वर्तमान में चीजो वस्तुओं की मूल्यवृद्धि के अंतर को जानने की कोशिश की जाएगी। कांग्रेस नीत केंद्र सरकार में सामानों के दाम में हुई वृद्धि और मोदी सरकार में सामानों के दामों में मूल्यवृद्धि के अंतर को जनता के समक्ष कांग्रेस पार्टी रखेगी। 23 अगस्त तक यह कार्यक्रम चलेगा।



### इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर कांग्रेस नेता सामूल अंसारी, संतोष महतो, किरण उरांव, संदीप उरांव, जयवंत कुजूर, शेख सिद्दीकी, नसीम अंसारी, सूरज उरांव, आजम राय, भोटवा उरांव, प्रकाश उरांव समेत बड़ी संख्या में प्रखण्ड व पंचायत के कांग्रेस जन मौजूद थे।

## राधा कृष्ण रूप सज्जा का भव्य आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार में राधा- कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य और आकर्षक कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 32 छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। रूप सज्जा में राधा और कृष्ण के के वेश में छोटे छोटे बच्चो ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा एकल नृत्य कार्यक्रम सम्मिलित था। कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलन और कृष्ण आरती मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल ठाकुर, त्रिभुवन पांडेय, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज पूरी एवं प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया ।कार्यक्रम का संचालन वाटिका प्रमुख गीता कुमारी एवं शिल्पा पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की भूमिका नीलम अंबष्टा के द्वारा रखा गया। निर्णायक मंडली में आचार्य विकास कुमार गुप्ता, गोपाल प्रसाद, पूनम गुप्ता थे। आशीर्वचन त्रिभुवन पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा दिया गया। त्रिभुवन पांडेय ने अपने आशीर्वचन में कहा कि राधा और कृष्ण हमारी संस्कृति की धरोहर है और ऐसे प्रतिरूप प्रस्तुत कर हम अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हम भारतीय संस्कृति को बचाये रखने का प्रयत्न करते हैं। राधा कृष्ण के रूप में, आराध्या कुमारी, आकृति कुमारी, इक्षा कुमारी, परी कुमारी, समृद्धि श्री, आराध्या, वैष्णवी कुमारी, आर्या कुमारी, आरोही, सुनिधि कुमारी, अनुष्का कुमारी उपस्थित थे।

## 20 अगस्त को राजीव गांधी सद्भावना फुटबॉल मैच का होगा आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** देश के युवा प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 20 अगस्त को अपराह्न 2:30 बजे से नदिया हिन्दु उच्च विद्यालय के मिनि स्टेडियम में हजारीबाग एकादश बनाम लोहरदगा एकादश के बीच राजीव गांधी सदभावना फुटबॉल मैच खेला जायेगा। यह आयोजन लोहरदगा जिला प्रतिभा केंद्र के द्वारा किया गया है। इस भव्य आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए अभिनव सिद्धार्थ (संयोजक) एवम प्रतिभा केंद्र के सचिव एस सुजाउद्दीन राजा ने बताया कि खेल के बाद सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया है। जिसमें जिला के 8 विभिन्न खेलो के राष्ट्रीय खिलाड़ी, 6 राष्ट्रीय प्रशिक्षण, कोरोना काल में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, (चिकित्सा सेवा के क्षेत्र मे) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले वैज्ञानिक 8 वैसे विद्यालय जो अपने विद्यालय के छात्रो को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सराहनीय योगदान दिया हो उन्हें सम्मानित किया जायेगा। साथ ही वैसे व्यक्ति को राजीव गांधी खेल अवार्ड प्रदान किया जायेगा जिन्होंने विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक, एवम चिकित्सा के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान देते हुए खेलकूद को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की हो।

## पैरा और मतनाग के बीच खेला फाइनल फुटबॉल मैच



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर गांधी मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल मैच के आयोजन के मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह ने की शिरकत। जिलाध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी ने खेल का शुभारंभ फीता काटकर किया। वह इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और फुटबॉल प्रेमी खेल देखने के लिए भारी संख्या में जुटे फाइनल मैच पैरा और मतनाग के बीच खेला गया जहां मतनाग की टीम एक गोल से जीत कर सीरीज पर कब्जा जमाया। जिसके बाद विजई टीम को मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह जिला अध्यक्ष हरे कृष्ण सिंह थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, भाजपा नेता रामधनी सिंह ने विजयी ट्रॉफी देकर हौसला अफ्जायी की।

## लोहरदगा में रिटायर्ड आर्मी जवान के घर में भीषण चोरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र में भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, रिटायर्ड आर्मी मैन महेंद्र चौधरी के घर इस चोरी की घटना को अंजाम देने का कार्य किया गया है। 15 लाख का गहना और पांच लाख रुपये नगदी की चोरी हुई है। बेटे की शादी की तैयारी कर रहे परिवार में चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में बताया गया की महेंद्र चौधरी 11 अगस्त को अपने घर में ताला लगाकर रक्षा बंधन को लेकर अपनी बहन और बेटी के घर रांची गए हुए थे। 17 अगस्त को जब ये अपने घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। जब इनलोगों ने अपने कमरे को देखा तो पाया की इनकी संपत्ति की चोरी की जा चुकी है। बेटे के शादी के लिए रखे गहने, नगद राशि की चोरी चोरों ने बड़े आराम से की, यही नहीं लिफाफ में रखे पैसों की भी चोरी हो गई, चोरों ने हर घर और हर जगह को खंगालते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने का कार्य किया, परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पूरे मामले की जांच में सदर पुलिस जुट गई है, और सीसीटीवी खंगाला जा रहा है।

## हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** एडीजे प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए गुरुवार को तीन आरोपियों कुर्बान अंसारी, नश्तर अंसारी और आजम अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कुर्बान अंसारी पर 30 हजार, नश्तर अंसारी पर 20 हजार और आजम अंसारी पर 20 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नही देने पर तीनों आरोपियों को 5-5 वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा। बताते चले कि असनाबाद निवासी अब्दुल करीम ने अपने बेटे अलताब उर्फ गुड्डू की हत्या गोली कर करने का आरोप लगाते हुए कोडरमा थाना में कांड संख्या 121/18 भादवी की धारा 302,120बी और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले में उपरोक्त आरोपियों पर बीते 7 जून 2018 को अपने पुत्र अलताब को गोली मार कर हत्या करने का आरोप लगाया था।




## न्याय के लिए भटक रहा है जस्टीन मुंडा

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** जिला के चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप ग्राम निवासी जस्टीन मुंडा विगत कई वर्षा से न्याय की गुहार लगा रहा है। लेकिन अभी तक उसकी समस्या का सामाधान नहीं हो सका है। जबकि जस्टीन उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व मुख्यमंत्री सचिवालय को भी आवेदन सौंप चुका है. अपने आवेदन में जस्टीन ने बताया कि लाधुप के ग्राम पीरदाग में खाना नंबर 17 प्लॉट नंबर 25, 27, 28, 39, 44, 45, 57, 89, 90, 91, 130, 229, 268, 281 व 383 कुल रकबा 17.18 एकड़ जमीन उसके पूर्वज लालधारी मुंडा के नाम से खतियान में प्रकाशित है और पूर्वजों के काल से ही इस पर कब्ला व दखल है। श्री मुंडा ने आगे कहा कि गांव के ही रहमान मिंया अपने 10-15 सगे संबंधियों के साथ मिल कर उनकी जमीन को पिछले 15 वर्षों से हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने स्पेशल आफिसर, लातेहार के न्यायालय में बेदखली वाद संख्या 04/2008-2009 दाखिल किया। इसमें रहमान मिंया के विरूद्ध निर्णय गया। पुनः रहमान मिंया ने उपायुक्त, लातेहार के न्यायालय में अपील वाद संख्या 01/2010 दाखिल किया। जिसे सुनवाई के उपरांत खारिज कर दिया गया और उसके पक्ष में निर्णय पारित किया गया। जस्टीन ने आरोप लगाया कि बावजूद इसके रहमान मिंया स्थानीय प्रशासन की मदद से उनकी जमीन पर जबरदस्ती निर्माण कार्य कर रहा है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** शहर के धर्मपुर में पंपूकल पथ स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। मौके पर ब्रह्मकुमारी अमरमणि बहन ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अध्यात्मिक रहस्यों को बताया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म बुराइयों का नाश करने के लिए हुआ था। श्रीकृष्ण की बाल से यौवन लीला तक हमें जीवन का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण सोलह कलाओं में निपुण एवं सर्वगुण संपन्न थे। उन्होने अपनी माता को अपने मुंह में उनके विराट रूप के दर्शन दिये थे। इस मौके पर बाल कृष्ण रूप सज्जा का आयोजन किया गया। आरती के के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी गुड़िया, प्रीति, सोनम, अनीता, रंजू, कविता, रामशीला, रूबी, शिवानी, राघव, बद्री, वैद्यनाथ, कृष्णा, अजय, चंद्रेश, राजू, योगेंद्र एवं धीरज आदि उपस्थित थे।
























# चांदनी चौक पर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया



## मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार भगत, जिला अध्यक्ष रोशन बरवा, महिला कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत, आदित्य भगत, अरुण पांडे, राजू उरांव, अशोक उरांव, दिलबहार अंसारी, रमेश जयसवाल, नसीम अंसारी, कृष्णा लोहरा, दुर्गा नायक, खालीद साह सहित कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें महंगाई व बेरोजगारी से आमजन को जागरूक किया गया। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शिव कुमार भगत टुनटुन ने कहा सभी विधानसभा में 17 अगस्त से 23 अगस्त तक महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके बाद 28 अगस्त को सामूहिक रूप से दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। जहां सोनिया गांधी राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। जब से केंद्र में मोदी की सरकार आई है तब से महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है जिस महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ बोलकर मोदी प्रधानमंत्री बने अब सीधे विपरीत कार्य कर रहे है। प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नौकरी तो दूर रोजगार देने में भी असमर्थ है। महंगाई 2 गुना से अधिक बढ़ गई है लोग दिनचर्या का सामान जुटाने में अपने महीने भर का कमाई लगा दे रहे हैं तो किसी का गाढ़ी कमाई खत्म हो रहा है। महिला कॉंग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने कहा भाजपा की सरकार में आमजन त्रस्त हैं। लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिस वादे के साथ भाजपा सत्ता पर आयी अब उसे भूल कर राजभोग करने में मशगूल हैं। वहीं मौजूद जिला अध्यक्ष रोशन बैरवा ने कहा जनता सब देख रही है आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया जाएगा यदि जल्द महंगाई एवं बेरोजगारी दूर नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

# महिलाओं को करें जागरूक: मिशन बदलाव



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव ने कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं के साथ परमबीर चक्र अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से मिशन बदलाव के संस्थापक एवं झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता भुषन भगत एवं मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य जितेश मिंज उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए भुषण भगत ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्य करने की जरूरत है एवं महिलाओं को जागरूक करने एवं सभी क्षेत्रों बढ़ावा देने की जरूरत है। जीतेश मिंज ने कहा कि फिटनेस के प्रति युवाओं में दिन-प्रतिदिन जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन इसे और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मिशन बदलाव जिला सचिव ने कहा कि आज किसी भी खेल में व्यायाम या जिम करने का अपना महत्व है। इससे जहां शरीर हष्टपुष्ठ होता है, वहीं स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। यदि शरीर ही स्वस्थ नहीं रहेगा, तो हम उन्नति नहीं कर पाएंगे।मिशन बदलाव के देवन्ती मिंज ने कहा कि वर्तमान समय में बड़ी संख्या में युवा वर्ग स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होता जा रहा है। यही कारण है कि आज हमारे देश खेलों में अपनी पहचान बनाए हुए है। महिलाओं को भी इस क्षेत्र में आगे आना चाहिए,प्रेम कच्छप ने कहा कि सभी युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करें। ताकि उनका भविष्य उज्जवल और स्वस्थ बन सके। इस मौके पर कॉलेज के छात्रों एवं मिशन बदलाव के सदस्य उपस्थित थे।

# हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक गुमला में आज

**झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हड्डी, रीढ़ की हड्डी, एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, 'न्यूरो सर्जन' आगामी 21अगस्त दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# पिता ने 4 माह के बच्चे को मार डाला





आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा ।** कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव पोकला में पिता ने अपने पुत्र सोनु जाट चार माह के बच्चे को पोकला स्थित वरदा नाला में फेंक कर मार डाला है। पुलिस ने हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर लिया है मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के बिरीकला थाना चरखी दारी निवासी सत्येंद्र जाट(35 वर्ष) अपने ससुराल खूंटी जिला के बानाबिरा मोर्चा थाना रनिया आया हुआ था। वह पिछले पांच दिनों से ससुराल में था। सत्येंद्र जाट अपनी पत्नी लक्ष्मी तोपनो (25 वर्ष) से हरियाणा जाने को लेकर विवाद हो गया। पत्नी कुछ और दिन रहना चाह रही थी जबकि पति सत्येंद्र जाट अपनी पत्नी को लेकर हरियाणा जाना चाह रहा था। इस बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद बढ़ गया। सत्येंद्र जाट बच्चे को लेकर अपने ससुराल बानाबिरा मोर्चा थाना रनिया से पोकला आ गया। पोकला रेलवे स्टेशन से पहले वरदानाला के समीप बच्चा को रोता देख गुस्से में आकर बच्चे को फेंक दिया जिससे बच्चे की मौत पानी में डूबने से हो गई। कुछ देर बाद सत्येंद्र जाट ने फोन कर अपने पत्नी को बताया कि उसने बच्चे को पानी में फेंक दिया है। जिससे बच्चे की मौत हो गई इधर पुलिस को मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल से बच्चे के शव को पानी से निकाल और हत्या के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर थाना ले आयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया आरोपी पिता को जेल भेजा गया।






































































# खलारी प्रखंड में बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी एवं प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने सम्मानित किये जाने पर जताया आभार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग ने नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्यों को सम्मानित किया। बीडीओ ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीडीओ ने सभी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि पंचायत में विकास को गति देने तथा सरकार कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने में पंचायत प्रतिनिधियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पंचायत में विकास के लिए खलारी प्रखंड से उनको हरसंभव सहयोग मिलेगा। वहीं पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एवं प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किये जाने पर प्रखंड का आभार जताया और कहा कि जो भी पंचायत प्रतिनिधि चुनाव जीतकर आये हैं उनको प्रखंड में सम्मान मिलने से उनका उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य आपसी तालमेल के साथ पंचायत के विकास के लिए कार्य करें। हम सभी एक-दूसरे को सहयोग करें ताकि गांव तक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिल सके।

कार्यक्रम का संचालन बीपीओ विनय कुमार गुप्ता, बीसीओ रामपुकार प्रजापति, जेएसएलपीएस बीपीएम जेया कुमारी, मुखिया पुतुल देवी, तेजी किस्पोट्टा, पुष्पा खलखो, सुनीता देवी, शीला देवी, दीपमाला कुमारी, शांति देवी, ललिता देवी, पारसनाथ उरांव, संतोष कुमार महली, मलका मुंडा, शिवरत मुंडा, सेवा उरांव, शिवनाथ मुंडा सहित पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड के सभी विभगीय कर्मी, जेई एवं पंचायत सेवक मौजूद थे।

## निर्माणाधीन डायवर्सन में गिरी बाइक, चालक घायल

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के पास निर्माणधीन पुल के डायवर्सन में बीती रात एक व्यक्ति बाइक सहित गिरकर घायल हो गया। इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। इस संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि पिछले तीन वर्ष से बहेरा-कल्याणपुर मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है। इस बीच कल्याणपुर मस्जिद के पास एक पुल का भी निर्माण किया जाना है। सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा पुल तोड़कर गड्ढा कर दिया गया और उसके बगल में डायवर्सन बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द सड़क और पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# मयूरी महिला समिति ने स्कूल में सामग्री का किया वितरण

**संस्था लगातार क्षेत्र में जन सरोकार का काम कर रही है : अध्यक्ष इंदु कुमारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खलारी।** अर्पिता महिला मंडल सीसीएल रांची के निर्देश पर मयूरी महिला समिति एनके एरिया के द्वारा बाल विकास विद्या मंदिर सुभाष नगर में खेल सामग्री और कार्यालय के सामानों का वितरण किया गया। महिला समिति की ओर से स्कूल को कार्यालय के लिए अलमीरा, बक्सा, प्लास्टिक कुर्सी, जार, बाल्टी, मग, डस्टबिन, वाटर डिस्पेंसर और खेल सामग्री में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन दिए गए। इस दौरान मयूरी महिला समिति की सभी सदस्यों ने विद्यालय का निरीक्षण कर बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान बच्चों के बीच चॉकलेट भी बांटा गया। वहीं महिला समिति ने विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों से भी बातचीत कर पठन-पाठन की जानकारी ली।

मयूरी महिला समिति की अध्यक्ष इंदु कुमारी ने कहा कि यह संस्था लगातार क्षेत्र में जन सरोकार का काम कर रही है। यह कार्य निरंतर क्षेत्र में चलता रहेगा, जिससे लोगों को लाभ मिलेगा।

मौके पर मयूरी महिला समिति की सचिव वेदवति अब्राहम, माया माजी, शुभलक्ष्मी बेहेरा, राधा नायक समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।




















































































# रास सांसद आदित्य साहू का आरटीसी कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

**कालेज के कॉमन रूम के लिए सांसद मद से की पंद्रह लाख रुपये देने की घोषणा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज, दड़दाग, ओरमांझी, रांची में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू का भव्य स्वागत किया गया। प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कॉलेज के विवेकानंद सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य चरित्र का निर्माण करना है और छात्र-छात्राओं में चरित्र और संस्कार का रंग भरने का दायित्व शिक्षकों का है। शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते। राजनीति में आने से पूर्व मैं भी इस कॉलेज का प्रोफेसर हुआ करता था। अपने मद से राज्यसभा सांसद ने कॉलेज में कॉमन रूम बनाने के लिए पन्द्रह लाख रुपये देने की घोषणा की। मौके पर उपस्थित रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि आदित्य साहू की मेहनत और संवेदनशीलता ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। श्री चौधरी ने राज्यसभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू को सुखद राजनीतिक जीवन की शुभकामना दी। अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से कॉलेज के निदेशक डॉ. पारस नाथ महतो, प्रो. शैलेन्द्र मिश्र, प्राचार्य डॉ भीम महतो, ब्रज भूषण नीरज, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेन्द्र साही, एकबाल अंसारी, रीता कुमारी, योगेन्द्र ठाकुर, इमरान अंसारी, आर.एन. पांडेय, शशि मिश्रा, रेणु चौधरी, गफ्फार अंसारी, रासो देवी, कृष्ण कुमार, मंजिल नाजी, सरोज कुमारी, मानती कुमारी, सुमन कुमार, टिकेश्वर कुमार, अनुराधा सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं सहित कॉलेज परिवार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डॉ पारसनाथ महतो एवं संचालन प्रो. शैलेन्द्र मिश्र ने किया।

# कांके प्रखंड प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को प्रखंड प्रमुख कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर मौजूद कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने कहा कि प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख, उपप्रमुख के कार्यालय होने पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं से सीधा रूबरू हो पायेंगे, साथ ही विकास योजनाओं का सीधा मॉनिटरिंग भी की जाएगी। हमारी सबसे पहली प्राथमिकता कांके प्रखंड को आदर्श प्रखंड बनाना है।

उद्घाटन समारोह में उप प्रमुख अजय कुमार बैठा, प्रखंड विकास पदाधिकारी शीलवंत भट्ट, सुमन प्रताप गांगुली, कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार बैठा, जिप सदस्य हिना परवीन, जिप सदस्य संजय महतो, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष जमील अख्तर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दीपक साहू, अईनुल हक अंसारी, मीडिया प्रभारी मुश्ताक अंसारी और पूर्व पंसस अख्तर हुसैन सहित कांके प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य मौजूद थे।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सत्यम गुप्ता
थाना प्रभारी, पुसो।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
आदित्य कुमार चौधरी
थाना प्रभारी, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अरुणिमा एक्का
अंचल अधिकारी, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुनीला खलखो
प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुजीत बैठा
दलित मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष झामुमो, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पार्वती देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत छारदा, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
मीना देवी
प्रखंड प्रमुख, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रेखा देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत भुरसो, सिसई।
रेखा देवी - मुखिया भुरसो

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुनी देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत बोंडो, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
शकुंतला देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
दानिश अंसारी
सामाजिक कार्यकर्ता लकेया, सिसई।

WORLD NO.1 WEIGHT MANAGEMENT PROGRAMME
क्या आप मोटापे से परेशान है।
मोटापा घटायें या वजन बढ़ायें
Lose Weight Now Ask Me How....?
Health is Wealth
★ बिना भारी व्यायाम के
★ 1-4 किलो प्रतिमाह वजन घटायें
★ पसंद का खाना खाते हुए
★ अपने बच्चों के पोषण के लिए
★ सदैव जवान व उर्जावान रहें
एक कॉल आपको अच्छी सेहत दे सकता है।
Wellness Coach: 8789602004

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुगिया देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत लकेया, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सुनिता देवी
मुखिया, ग्राम पंचायत बरगांव-उत्तरी, सिसई।

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रवि उरांव
मुखिया ग्राम पंचायत नगर सह प्रखंड अध्यक्ष झामुमो, सिसई।
रवि उरॉव

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

SNM SRINIVAS MOTOR
Free Pick & Drop Facility
Facility Available:-
Denting, Painting, Mechanical, Electrical Works
All Types of Interior Work Done Hero
Car Washing, Inside & Outside (Cleaning)
Specialist In All Types Of Bullet & Heavy Bike Repairing & Servicing
Mahindra HYUNDAI Ford FIAT TATA TOYOTA MARUTI SUZUKI
41, Industrial Area Kokar, Ranchi Mob:- 9608013923, 9334426471

Go global with
RANCHI INIFD The Cradle of Designers
26 Yrs. Legacy
JOB PLACEMENT 100% ASSISTANCE
Fashion Design
Interior Design
Inter National Institute of Fashion Design
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
P : 0651-2999991 M : 9934611000 E : inifd.ranchi01@gmail.com W: www.inifd.in

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran–I ₹ 60
* English Grammar–I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

## वोटर आइकार्ड को आधार से जोड़ने के काम में तेजी लाने का दिया गया निर्देश

धनबाद (आजाद सिपाही)। उप निर्वाचन पदाधिकारी एम पांडेय ने वोटर आईकार्ड को आधार से जोड़ने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है। जिले में वोटर आई कार्ड को आधार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। गुरुवार को इसकी समीक्षा की गई। बीएलओ को कहा कि वोटरों के घरों में जाकर सूची बनाए। आधार कार्ड से मिलान करें। वोटरों से आधार कार्ड और वोटर आई कार्ड की फोटो स्टेट कॉपी जमा लें। आधार से लिंक करने के लिए फॉर्म भी भरवाएं। इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। मालूम हो कि जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में काम चल रहा। ब्लॉक लेबल ऑफिसर (बीएलओ) बूथों पर भी रहते हैं। बूथों पर जाकर भी वोटर अपने वोटर आई कार्ड को आधार से लिंक करवा सकते हैं।

## अंबेडकर एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक का निधन, शिक्षा जगत में शोक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। अंबेडकर एकेडमी स्कूल के प्रधानाध्यापक डीएन मुखर्जी का बुधवार की शाम निधन हो गया। जिसकी खबर सुन शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। डीएन मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल के खड़गपुर स्थित अपने पैतृक आवास में अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर इंदिरा गांधी स्कूल व अंबेडकर एकाडमी में गुरुवार को एक शोक सभा आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल के प्राचार्य सोमन कुमार घोष, बिनोद कुमार रस्तोगी ने कहा कि डीएन मुखर्जी को इस वक्त चला जाना शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ी क्षति है। हमनें एक सच्चे मार्गदर्शक खो दिया है।


### दहशत : बाल-बाल बचे ड्यूटी पर तैनात पांच गार्ड, बढ़ रहा जमीन धंसान का दायरा

# पंचेत में जोरदार आवाज के साथ धंसी जमीन, ड्रिल मशीन जमींदोज

**जमीन धंसान का दायरा बढ़ रहा, वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पंचेत-बीसीसीएल सीवी एरिया बारह के दहीबाड़ी ओसीपी माइंस परियोजना के पास जोरदार आवाज के साथ गुरुवार को जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गई। एक हजार फीट व्यास से अधिक जमीन पर भूधंसान हुई है। 500 फीट से अधिक गहरी जमीन धंसी है। धंसान का दायरा बढ़ रहा है। एक टालीनुमा घर भी जमींदोज हो गई है। हालांकि उसमें किसी ने नहीं होने से जान-माल की हानी नहीं हुई है। इसके अलावा वहां खड़ी एक ड्रिल मशीन भी पूरी तरह जमीन में समा गई।



जमीन धंसने के बाद की भयावह स्थिति।

### दहशत में लोग

बड़े भूभाग में दरार आने के साथ ही जमीन धंसने से पूरा इलाका खोखला हो चुका हैं। मिट्टी धंसने से करीब 500 मीटर गहरी खाई बन चुकी है। हादसे के बाद परियोजना के आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। हालात ये है कि लोग सुरक्षित ठिकाना खोज रहे हैं.

### जान बचाने के लिए भागे गार्ड

गुरुवार तड़के जोरदार आवाज के साथ व्यू प्वाइंट जाने वाला रास्ता अचानक जमींदोज हो गया। देखते ही देखते यहां खड़ी एक ड्रिल मशीन भी जमीन में समा गई। इतना ही नहीं यहां परियोजना में लगाए गए बिजली के कई खंभे भी उखड़ गए। हादसे के समय निकली चिंगारी की वजह से पूरे इलाके में रोशनी फैल गई थी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर तैनात सुरक्षा गार्ड भी जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। वहीं, घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया पिछले कुछ दिनों से यहां जमीन खिसक रही थी। जिसके बाद अधिकारियों ने लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का आदेश दिया था। अधिकारियों का कहना है कि जियोलॉजिकल डिस्टरबेंस के कारण ऐसा हो रहा है। इस साइट पर ये तीसरा हादसा है। वहीं स्थानीय लोग इस घटना के बाद काफी डरे हुए हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## बांसजोड़ा के ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता राम रहीम पर जतायी आस्था, थामा दामन



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। बांसजोडा बस्ती में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें ग्रामीणों ने राम रहीम के नाम से चर्चित कांग्रेस नेता मो असलम मंसूरी व राजकुमार महतो पर आस्था जताते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जो भी नेता इस बस्ती में आए वह रोजगार दिलाने के नाम पर उनलोगों को छला ही है। उनलोगों के घर के समीप में बांसजोडा और निचितपूर कोलियरी में आई आउटसोर्सिंग कंपनियों में ग्रामीण युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर अपना उल्लू सीधा किया। लेकिन राम रहीम ने यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोडने का काम किया है। बस्ती के लोग अब पूरी तरह से राम रहीम के साथ है। वहीं, मो असलम मंसूरी व राजकुमार महतो ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों को अश्वसत किया कि उनके हर दुख मुसीबत में साथ रहेंगें। इस मौके पर विशाल कुमार, एसपी महतो, सुभाष महतो, सुनील रवानी, अनिल रवानी, दिलीप रवानी, रूपेश रवानी, बिरबल रवानी, जगदीश महतो, अभिषेक सिंह, भगत सिंह और दिसंबर सिंह आदि मौजूद थे।

## अधिकारियों की मनमानी से नाराज तीन सदस्यों ने किया बीस सूत्री बैठक का बहिष्कार

नावाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर सभाकक्ष में गुरुवार को आयोजित 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक का कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य इमरान अंसारी, तिलक तुरी एवं सुनीता देवी ने अधिकारियों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बहिष्कार कर दिया। बैठक नावाडीह बीडीओ संजय कुमार सांडिल्य व सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ व एमओ अशोक कुमार सिन्हा की मौजूदगी में प्रखंड अध्यक्ष वृजलाल हांसदा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सूचना के बावजूद बैठक में विधुत आपूर्ति विभाग, पशुपालन, वन, शिक्षा और प्रखंड के विभिन्न बैंक के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर उन्हें शोकॉज करने के साथ ही बोकारो डीसी को पत्र लिखकर कार्रवाई करने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया।

## विवेक पाठक ने की विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए प्रबंधन से एडमिशन सेल बनाने की मांग



फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विश्वविद्यालय सहसंयोजक विवेक पाठक ने विश्वविद्यालय प्रशासन से ऑनलाइन फॉर्म भरने में छात्रों की समस्या को देखते हुए एडमिशन सेल बनाए जाने की मांग की है। बतातें चलें कि नए सत्र 2022-26 स्नातक में नामांकन के लिए बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की ओर से चांसलर पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जहां विद्यार्थी दिए गए वेबसाइट पर जाकर अपना नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। लेकिन इस बार विश्वविद्यालय में नामांकन नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बनाए गए नए पाठ्यक्रम के तहत की जा रही है। पहले की तुलना में पाठ्यक्रम में कई बदलाव किए गए हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को रजिस्ट्रेशन कराने में कई परेशानी हो रही है। उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है। जिसे देखते हुए छात्र नेता विवेक पाठक ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से एडमिशन सेल बनाने की मांग की है तो सीधे तौर पर नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों की मदद करे।

## डाटा विश्लेषण व मशीन लर्निंग से बोकारो स्टील प्लांट ने बचाये 17.83 करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सेल-बोकारो इस्पात संयंत्र के सीआरएम-3 की एचडीजीएल (परिचालन) इकाई में संचालित क्यूसी टीम अंतरध्वनि (707) ने एक नया क ी ि त ा ं म ा ा न ा स्थापित किया है। ज्ञात हो कि एचडीजीएल इकाई में लंबे समय तक इंपोर्टेड 'एक्सआरएफ माप यंत्र की अनुपलब्धता से परेशानी हो रही थी। इसके बगैर 'ऑनलाइन माप यंत्र के जिंक कोटिंग की शुद्धता को नियंत्रित करना कठिन हो रहा था। क्यूसी टीम अंतरध्वनि ने इस प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू किया और बीते साल 'डीएके' का डाटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग कर एक फामूर्ला तैयार किया। जिसकी परिशुद्धता (+-) जीएसएम तक पाई गई। इस नवोन्मेष से बोकारो स्टील प्लांट को साल 2020-21 की तुलना में साल 2021-22 में लगभग 17.83 करोड़ रुपये की बचत हुई है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए विभागीय प्रधान ने टीम अंतरध्वनि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्य को पूरा करने में सहायक महाप्रबंधक (सीआरएम-3) शशांक शेखर, प्रबंधक (सीआरएम-3) परिचय भट्टाचार्य, ओसीटी (सीआरएम-3) साहिल तिवारी, ओसीटी (सीआरएम- 3) शिवशंकर मजूमदार, ओसीटी (सीआरएम-3) सुनील कुमार महंता और ओसीटी (सीआरएम-3) फिलिप किस्कू का योगदान अहम रहा।


सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, गुमला

(सी.बी.एस.ई. से मान्यता प्राप्त, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संरक्षान से संबद्ध)

शिक्षा, संस्कार और अनुशासन में अग्रणी विद्यालय स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर समस्त देशवासियों को बधाई

विजय बहादुर सिंह — अध्यक्ष | अमृत कुमार मेटे — सचिव | संजीव कुमार सिन्हा — प्रधानाचार्य





(ISO-CERTIFIED) रत्न सागर

One of the Punjab's Best Astrologers "SATINDRA PAL SINGH" will be available on SUNDAY (21.08.22) at our shop, Consultancy Fee Rs. 1100/-

FIRST VISIT IS FREE | BOOKINGS OPEN

ASTROLOGER SATINDRA PAL SINGH GOLD MEDALIST

वूल हाउस के बगल में मेन रोड, राँची

Call : 9973684103


## अंगार पथरा कोलियरी डिस्पेंसरी से 40 हजार की संपत्ति चोरी

कतरास (आजाद सिपाही)। अपराधियों ने बुधवार की रात अंगारपथरा कोलियरी डिस्पेंशरी में मेन गेट सहित कई अन्य कमरे का ताला तोड़कर 40 हजार रूपये मूल्य तक के सामानों की चोरी कर ली है। जिसमें पांच बैटरी भी शामिल है। गुरुवार की सुबह जब कर्मी और चिकित्सक अस्पताल पहुंचे तो ताला टूटा होने और सामानों की चोरी होने का पता चला। यह देख चिकित्सक डॉ जेपी राय ने तुरंत फोन कर अधिकारियों को जानकारी दी।

## लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के संस्थापक स्व रामजी यादव की मनी 8वीं पुण्यतिथि



धनबाद (आजाद सिपाही)। टुंडी के आसन डाबर कदैया ग्राम स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम परिसर में गुरुवार को आश्रम के संस्थापक सह अध्यक्ष स्व रामजी यादव की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम स्व रामजी यादव के पुत्र रोनित आर्यन उनके भाई सुरेंद्र यादव, विजय सिन्हा, वरुण वैद्य, अजय सरोज, आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी, कार्यकारिणी अध्यक्ष सुधीर वर्णवाल, सचिव डॉ देवेंद्र सरन, सुबल सिंह और शांति देवी आदि ने स्व रामजी यादव की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद आश्रम परिसर में वृक्ष लगाकर वहां रह रहे वृद्ध लोगों को खाना खिलाया गया। वहीं, आश्रम में रह रहे लोगों ने कहा कि आज जो रामजी यादव ने हम लोगों के लिए किया है उसे वे लोग कभी नहीं भूल सकते हैं। क्योंकि जहां हमें अपनों ने घर से निकाल दिया था, स्व रामजी यादव एवं आश्रम के सदस्यों ने उन्हें अपनाया। उनके लिए एक घर बना कर दिया जहां सभी लोग आराम से खुशी-खुशी रह रहे हैं। इसलिए हम लोग भगवान से प्रार्थना करते हैं की स्वर्गीय रामजी यादव की आत्मा को शांति दे।


आयुष्मान भारत

मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना

'सदर अस्पताल कोडरमा'

आयुष्मान कार्डधारियों का 5 लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज किया जाता है।

उपचार, दवाईयां, जाँच बिल्कुल मुफ्त

किसी भी ऑपरेशन और उपचार के लिए

आयुष्मान कार्यालय में राशन कार्ड और आधार कार्ड के साथ मिले

आयुष्मान के अंतर्गत इलाज करवाएँ और उपहार पाएँ

उपहार की सूची

| वार्ड | समय सीमा | सामान |
|---|---|---|
| MTC वार्ड | 12 | प्रोटीन पाउडर, मूँगफली, दलीय, सूजी, घी, गुड़, किसमिस |
| जनरल मेडिसिन | 2 | होर्लिक्स, ग्लास, चम्मच |
| डे केयर/ आपातकालीन वार्ड/जनरल वार्ड | 1 | डायरी, पेन |
| SNCU/NICU | 3 | बेबी किट जैसे जोसन सेट, बेबी कम्बल |
| ICU/DCHC/Operted | 2 | बाल्टी, मग, टॉर्च, छाता / कम्बल |

ईलाज के दौरान किसी प्रकार की नगद राशि देय नहीं है





पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

आत्मसमर्पण नीति

15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

समाज के भटके हुए सभी भाई-बहनों से अपील है कि झारखंड सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण नीति के तहत् आत्मसमर्पण करते हुए मुख्य धारा में शामिल हों तथा सरकार द्वारा घोषित सुविधाओं का लाभ उठायें:-

9. सरकार द्वारा चिन्हित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
10. आत्मसमर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए 04 डिसमिल जमीन तथा 50,000/ (पच्चास हजार) रूपया दी जायेगी।
11. प्रत्यर्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
12. राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
13. आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल -सह- पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियम सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
14. आत्मसमर्पण नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति/व्यय का भुगतान किया जायेगा।
15. ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
16. आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें:-

2. 9431706376 2. 9431706182 3. 9471182118 4. 9431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी/पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

ज्ञापांक : 1036 / सा.शा. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।
दिनांक : 13/08/2022

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
गुमला

### रायगढ़ में नाव से एके-47 बरामद, फडणवीस बोले

# बोट ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की, हाइटाइड से यहां पहुंची

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नाव एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की है। नाव यूरोप जा रही थी। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक समुद्र में नाव का इंजन खराब हो गया था। आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में संदिग्ध नाव मिलने से हड़कंप मच गया है। नाव में एके-47 राइफल, कुछ राइफलें व भारी संख्या में कारतूस मिलने की खबर है। ये नाव रायगढ़ जिले में स्थित हरिहरेश्वर समुद्र तट पर मिली है। हरिहरेश्वर तट मुंबई से 200 और पुणे से 170 किलोमीटर दूर बताया गया है।श्रीवर्धन (रायगढ़) विधायक, अदिति



तटकरे ने कहा कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार रायगढ़ के श्रीवर्धन के हरिहरेश्वर और भारदखोल में हथियार-दस्तावेज वाली कुछ नावें मिली है। जांच चल रही है, मैंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि एटीएस या स्टेट एजेंसी की स्पेशल टीम तत्काल नियुक्त करें। मामले में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान जारी किया है।

**रायगढ़ जिला में हाइअलर्ट**

रायगढ़ जिले में हाईअलर्ट जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार दो संदिग्ध नाव लावारिस मिली हैं। इनमें से एक में ये हथियार मिले हैं। इन नावों में कौन सवार होकर आया और ये कहां से आई, इन बातों की पड़ताल में सुरक्षा एजेंसियां जुटी हैं। पुलिस ने नाव को अपने कब्जे में ले लिया है। यह नाव समुद्र के किनारे मिली है। पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है, ताकि नाव के बारे में जानकारी हासिल की जा सके। महाराष्ट्र एटीएस की टीम रायगढ़ के लिए रवाना हो गई है। यह टीम इस पूरे मामले की पड़ताल

उनका कहना है कि मामले पर सरकार गंभीरता से नजर बनाए हुए है। गंभीरता के साथ जांच की जा रही है। महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नाव एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक की है। नाव यूरोप जा रही थी। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक समुद्र में नाव का इंजन खराब हो गया था। कोरियाई नाव से लोगों को निकाला गया। अब यह अब हरिहरेश्वर समुद्र तट पर पहुंच गई है। आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नाव से तीन एके-47 राइफलें मिलीं। आधी टूटी हालत में नाव हाइटाइड के कारण कोकण तट की ओर आ गई। केंद्रीय एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है। किसी भी परिणाम की किसी भी संभावना को हल्के में नहीं लिया जायेगा।

## नालको मुख्यालय में हर्षोल्लास के साथ 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नालको ने देश के साथ शामिल होकर हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ 76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। श्री श्रीधर पात्र, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, नालको ने ध्वजारोहण किया एवं स्वतंत्रता सेनानियों तथा देश के सीमा की सुरक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आपने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए सामूहिक रुप से नालको को प्रयासरत रहने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें दिव्यांग कलाकारों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किये। श्री श्रीधर पात्र, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, नालको एवं श्रीमती सस्मिता पात्र, अध्यक्षा, नालको महिला समिति नेदिव्यांग कलाकारों के अनोखे कौशल एवं प्रदर्शन को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सम्मानित किया एवं स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर को यादगार बनाते हुए एम्स भुवनेश्वर के भर्ती रोगियों को फूड पैकेट भी वितरित किये गये।

## बंगाल में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दुनिया के सबसे बड़े मंदिर का निर्माण अब अंतिम चरण में है। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में स्थित मायापुर में इस्कॉन मुख्यालय में साल 2009 से मंदिर का काम चल रहा है। 700 एकड़ (28 लाख वर्ग मीटर) में फैला परिसर दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर होगा। अब तक सबसे बड़े मंदिर का तमगा कंबोडिया के अंगकोर वाट के पास है, जो करीब 16 लाख वर्ग मीटर में फैला है। मायापुर में बन रहे मंदिर का उद्घाटन 2023 की होली पर प्रस्तावित था, लेकिन कोरोना के चलते निर्माण में हुई देरी के चलते अब यह 2024 तक संभावित है। मंदिर की विशालता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी नींव 100 फीट की है। यानी जमीन में दस मंजिला इमारत के बराबर। मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद एक साथ दस हजार लोग भगवान कृष्ण के दर्शन कर सकेंगे। इस बार 19 अगस्त को जन्माष्टमी यहां धूमधाम से मनाई जायेगी। परिसर में झांकी निकाली जायेगी। एक लाख से ज्यादा भक्त इसमें शामिल होंगे। इस्कॉन के संस्थापक प्रभुपाद जी ने 1971 में मायापुर में तीन एकड़ जमीन खरीदी। 1972 में भूमिपूजन हुआ और 2009 में मंदिर का निर्माण शुरू हुआ। मंदिर के निर्माण का शुरूआती बजट 600 करोड़ रुपए था, लेकिन कोरोना और इसके बाद बढ़ी लागत से बजट एक हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। कार निमार्ता कंपनी फोर्ड के मालिक अल्फ्रेड फोर्ड ने 300 करोड़ रुपए दान किए हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा वैदिक मंदिर भी होगा, जहां सिर्फ भगवान रहेंगे। यहां तीन विशाल शिखर बनाये गये हैं।

## बाढ़ के कारण एएसओ परीक्षण स्थगित ओपीएससी ने स्थगन के लिए जारी किया नोटिस

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बाढ़ के कारण एएसओ की परीक्षा स्थगित जहां एएसओ की परीक्षा 21 को होनी है, वहीं राज्य में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए इसे स्थगित करने का फैसला किया गया है। ओपीएससी ने निलंबन की अधिसूचना जारी कर दी है। परीक्षा की तारीख की घोषणा आने वाले दिनों में की जायेगी। अब राज्य के कई इलाके बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बच्चों की पढ़ाई में बाधित हुई है।

## किस और किट ने मनाया 76वां स्वतंत्रता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 76वें स्वतंत्रता दिवस पर किस परिसर पर तिरंगे में लपेटा गया, क्योंकि 30,000 छात्रों की पूरी ताकत ने आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया और पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और छात्रों से कठिन



अध्ययन करने और देश के विकास में योगदान करने का आह्वान किया। इस अवसर के मुख्य अतिथि थे फेडरेशन इंटरनेशनेल डी वॉलीबॉल के जनरल डायरेक्टर मि. फैबियो अजोबेडो।


देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

प्रमोद साहू
अध्यक्ष, लैंपस
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

जसिंता मिंज
मुखिया, पालकोट पंचायत (दक्षिणी)
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

नरेश पहान
मुखिया, उमड़ा पंचायत
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

प्रिंस कुमार
अकाउंटेंट, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बघिमा, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

पूनम एक्का
मुखिया, बंगरु पंचायत,
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

जितबहान बड़ाइक
मुखिया, बागेसेरा पंचायत
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

धनेश्वर नगेसिया
मुखिया, कुलुकेरा पंचायत पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

अर्जुन राम
ब्लॉक कॉडिनेटर,
महिला विकास मंडल
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

बसंत गुप्ता
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, समाज सेवी
सह विधायक प्रतिनिधि
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

फादर प्रभु दास तिर्की
प्रधानाध्यापक, संत मर्या
उच्च विद्यालय करौंदा बेड़ा,
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

भूषण सिंह
कर्मठ कांग्रेसी नेता,
सह विधायक प्रतिनिधि
पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

मनीष कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी और
प्रखंड विकास कार्यालय
परिवार पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

अशोक साहू (मुन्ना)
साहू इंनडेन गैस सह
अध्यक्ष बीजेपी ओबीसी
मोर्चा पालकोट, गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

स्वास्थ्य उपकेंद्र
पालकोट परिवार,
गुमला

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

कृष्णा महतो
वनपाल, वन
आश्रयी पालकोट

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

बीआरसी
परिवार
पालकोट

देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई

अनिल लिंडा
थाना प्रभारी,
पालकोट थाना,
पालकोट, गुमला

Service in Education Since 1992
G.N. CONVENT SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI UP TO 10+2 LEVEL
An iso 90012015 Certified Institution
PURANI BAZAR, GARHWA
JHARKHAND-822114
ADMISSION OPEN
Class-II
Session-2022-23
Science/ Commerce / Humanity
■ Quality Education
■ Competent Faculty
■ Stress Free Campus
ADMISSION OPEN
A Few Seats are Vacant in Class-1 to 11th

VACANCY FOR TEACHERS
Visit us at : www.gnconventschool.in
PGT, TGT and PRTs are required for Science, Social Science, Computer Science and other all subject for Jr. Handsome Package


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**